1–तीन मंजिल अथवा 15 मीटर से अधिक ऊंचे भवनों और विशिष्ट भवन यथा–संस्थागत एवं शैक्षणिक भवन, व्यावसायिक भवन, हास्पिटल, नर्सिंग होम, सिनेमा, मल्टीप्लेक्स 400 वर्ग मीटर से अधिक भू-आच्छादन के भवन में अग्नि निकास हेतु एक जीना बाहर की दीवार पर एवं अग्नि सुरक्षा के अन्य सभी प्रावधान करने होंगे। भवन के चारों तरफ बाउन्ड्री दीवार के साथ-साथ 6 मीटर चौड़ा मार्ग का प्रावधान करना होगा। जिसमें दमकलों के चालन हेतु कम से कम 4 मीटर चौड़ाई का परिवहन मार्ग (Carriage way) होगा।

2–अग्नि निकास जीने की न्यूनतम चौड़ाई 1.20 मीटर, ट्रेड की न्यूनतम चौड़ाई 28 से0मी0, राईजर अधिकतम 19 से0मी0, एक फ्लाईट में अधिकतम राईजरों की संख्या 16 तक सीमित होगी।

3–अग्नि निकास जीने तक पहुंच दूरी 15 मीटर से अधिक न होनी चाहिए।

4–घुमावदार अग्नि निकास जीने का प्रावधान 10 मीटर से अधिक ऊंचे भवनों में नहीं किया जायेगा।

5–उपरोक्त भवनों हेतु अग्नि शमन विभाग के सक्षम प्राधिकारी से अनापत्ति प्रमाण-पत्र प्राप्त करने की जिम्मेदारी भवन स्वामी की होगी।

6–उपरोक्त भवनों में उत्तर प्रदेश अग्नि निवारण और अग्नि सुरक्षा अधिनियम (National Building Code), 2016 के अग्निशमन मानकों के अनुसार प्रावधान किया जायेगा, जैसे स्वचालित स्प्रिंक्लर पद्धति, फर्स्ट एण्ड होज रील्स, स्वचालित अग्नि संसूचन और चेतावनी पद्धति, सार्वजनिक संबोधन व्यवस्था, निकास मार्ग के संकेत चिन्ह, फायर मैन स्विच युक्त फायर लिफ्ट, वेट राइजर डाउन कॉर्नर सिस्टम आदि।

(ञ) इलेक्ट्रिक लाईन से दूरी–

क्रमांक	विवरण	उर्ध्वाकार दूरी मीटर	क्षैतिज दूरी मीटर
1	लो एण्ड मीडियम वोल्टेज लाईन तथा सर्विस लाईन	2.4	1.2
2	हाई वोल्टेज लाईन 33000 वोल्टेज तक	3.7	1.8
3	एक्सट्रा हाई वोल्टेज लाईन	3.7 +(0.305 m) प्रत्येक अतिरिक्त 33000 वोल्टेज पर	1.8 +(0.305 m) प्रत्येक अतिरिक्त 33000 वोल्टेज पर

(ट) मोबाइल टावर्स की स्थापना–

क–मोबाइल टावर की स्थापना हेतु भवन स्वामी एवं आवासीय कल्याण समिति (RWA) की अनापत्ति प्रस्तुत करनी होगी।

ख–जनरेटर केवल ''साइलेन्ट'' प्रकृति के होंगे तथा भू-तल पर ही लागए जायेंगे।

ग–यदि टावर का निर्माण भवन की छत पर किया जाता है तो टावर का निचला भाग भवन की छत से न्यूनतम 3.0 मीटर ऊपर होना चाहिए।

घ–जहां अपेक्षित हो, वहां टावर के निर्माण से पूर्व एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इण्डिया/वायुसेना का अनापत्ति प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करना आवश्यक होगा।

ङ–सेवा ऑपरेटर कम्पनी और भवन स्वामी को संयुक्त हस्ताक्षर से इस आशय का शपथ-पत्र प्रस्तुत करना होगा कि यदि टावर निर्माण के फलस्वरूप आस-पास के भवन एवं जान-माल को किसी भी प्रकार की क्षति पहुंचती है तो उसकी क्षतिपूर्ति का समस्त दायित्व सम्बन्धित कम्पनी और भवन स्वामी का होगा।

च–इलेक्ट्रोमैग्नेटिक वेव, रेडियो विकिरण, वायब्रेशन (कम्पन) आदि के रूप में होने वाले दुष्परिणामों के नियंत्रण हेतु भारत सरकार/राज्य सरकार अथवा अन्य शासकीय अभिकरण द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का अनुपालन करना अनिवार्य होगा।

छ–अनुज्ञा-पत्र जारी करने के लिये जनपद वाराणसी में रु0 1,00,000.00 (एक लाख रुपये मात्र) प्रथम बार शुल्क के रूप में जिला पंचायत में जमा कराने होंगे। यह शुल्क एक वर्ष की अवधि के लिये होगा तथा अप्रत्यर्पणीय (Non-Refundable) होगा। अनुज्ञा के नवीनीकरण के लिए प्रथम बार की शुल्क का 10 प्रतिशत प्रति वर्ष जमा कराने होंगे।

ज–शैक्षणिक संस्था, हास्पिटल, अधिक घनत्व वाली आवासीय बस्ती अथवा धार्मिक भवन/स्थल आदि पर या इनके 100 मीटर के दायरे में मोबाइल टावर की स्थापना नहीं की जायेगी।

(ठ) नक्शे स्वीकृति की दरें–

क–**आवासी भवन एवं शैक्षणिक भवन–**

जनपद वाराणसी में सभी तलों पर फर्श से ढ़के भाग पर रुपये 50.00 प्रति वर्ग मीटर होगी।

ख–**(व्यावसायिक एवं व्यापारिक भवन)–**

जनपद वाराणसी में सभी तलों पर फर्श से ढके भाग पर रुपये 100.00 प्रति वर्ग मीटर होगी।

ग–(i) **भूमि की प्लाटिंग**–भूमि को योजनाबद्ध तरीके से विभिन्न आकार के प्लाटों में बांटना है।

(ii) **भूमि विकास**–भूमि पर योजनाबद्ध तरीके से पार्क, उद्यान बनाना, फार्म हाउस विकसित करना, नर्सरी लगाना, शादी बैंकट हाल आदि।

(iii) **भूमि का उपभोग**–भूमि का विभिन्न प्रकार के सामानों के भण्डारण हेतु प्रयोग करना, जैसे निर्माण सामग्री, कन्टेनर, ईंधन, आर0सी0सी0 पाईप आदि।

(iv) किसी परियोजना का ले-आउट प्लान (तलपट मानचित्र)

उपरोक्त ग-(i) से (iv) तक, जनपद वाराणसी में यह दर रु0 20.00 प्रति वर्ग मीटर होगी।

घ–पुराने भवन को ध्वस्त करने के पश्चात् पुनः निर्माण करने की दशा में अनुज्ञा शुल्क की दरें नये भवन की दरों के समान होगी।

ङ–स्वीकृत भवन के नक्शे में संशोधन होने की दशा में अनुज्ञा शुल्क की दरें नये भवन की दरों की एक चौथाई होगी।

च–बेसमेंट, स्टिल्ट, पोडियम, सेवा क्षेत्र व अन्य आच्छादित क्षेत्र की अनुज्ञा शुल्क में गणना की जायेगी।

छ–यदि स्वीकृति के नवीनीकरण का आवेदन, अनुज्ञा अवधि समाप्ति से पूर्व किया जाता है तो स्वीकृति के नवीनीकरण की दरें मूल दरों की 10 प्रतिशत होगी। एक बार में अनुज्ञा की अवधि एक वर्ष व अधिकतम दो वर्ष तक बढ़ाई जा सकती है। अनुज्ञा अवधि समाप्ति के पश्चात् नवीनीकरण की दरें मूल दरों की 50 प्रतिशत होंगी।

ज–उपविधियों के अनुसार, जिला पंचायत के नक्शों की स्वीकृति के बिना निर्माण करने, किसी भूमि पर व्यवसाय करने, स्वीकृत नक्शे से इतर निर्माण करने अथवा जिला पंचायत भवन उपविधि की किसी धारा या उपधारा का उल्लंघन करने पर अर्थदण्ड के रूप में समझौता शुल्क (Compounding Fees) रोपित किया जायेगा। समझौता शुल्क (Compounding Fees) प्रस्तावित भवन अथवा ले-आउट प्लान (तलपट मानचित्र) पर परिस्थिति अनुसार, कुल शुल्क की गणना का कम से कम 20 प्रतिशत से अधिकतम 50 प्रतिशत अतिरिक्त होगा। समझौता शुल्क (Compounding Fees) विभाग में जमा होने के उपरान्त पूर्व में निर्मित भवन के नक्शों की स्वीकृति प्रदान की जा सकती है। समझौते की कार्यवाही अधिनियम की धारा 248 में दी गयी व्यवस्था से नियन्त्रित होगी।

झ–जनपद वाराणसी में पूर्णता प्रमाण-पत्र (Completion Certificate) जारी करने की दरें रु0 20.00 प्रति वर्ग मीटर होगी। ये दरें सभी तलों के कुल आच्छादित क्षेत्रफल पर लागू होगी।

ञ–जनपद वाराणसी में बाउण्ड्रीवाल स्वीकृति की दर रु0 10.00 प्रति वर्ग मीटर होगी।

नोट–(शुल्क निर्धारण हेतु भवन के सभी तलों पर फर्श के कुल क्षेत्रफल की गणना करनी होगी)।

(ड) अनुज्ञा-पत्र जारी करने की प्रक्रिया–

1–स्वामी द्वारा आवदेन-पत्र के साथ प्रस्तावित भवन/परियोजना के नक्शे एवं स्वामित्व के भू-अभिलेख अपर मुख्य अधिकारी, जिला पंचायत के कार्यालय में जमा किये जायेंगे एवं आवेदक को इस प्रस्तुतिकरण की दिनांकित पावती दी जायेगी।

2–ऐसे आवेदन-पत्र एवं उसके साथ संलग्नकों को अपर मुख्य अधिकारी तत्काल कार्य अधिकारी को भू-अभिलेखों के परीक्षण हेतु पृष्ठांकित कर देगा।

3–कार्य अधिकारी ऐसे प्राप्त आवेदन पर उपरोक्त कार्यवाही पूर्ण करके अधिकतम एक सप्ताह में सम्बन्धित अभिलेख अपर मुख्य अधिकारी, जिला पंचायत को प्रस्तुत कर देगा। कार्य अधिकारी की तैनाती न होने की दशा में उपरोक्त कार्यवाही अपर मुख्य अधिकारी द्वारा स्वयं की जायेगी।

4–कार्य अधिकारी से प्राप्त आख्या को अपर मुख्य अधिकारी तत्काल अभियन्ता, जिला पंचायत को पृष्ठांकित कर देगा।

5–अभियन्ता द्वारा प्रस्तावित परियोजना के स्थलीय सर्वेक्षण हेतु निदेशित (Designated) अपर अभियन्ता को स्थल के सर्वेक्षण हेतु आदेशित किया जायेगा।

6–अवर अभियन्ता द्वारा स्थल सर्वेक्षण की आख्या अधिकतम एक सप्ताह में अभियन्ता, जिला पंचायत को प्रस्तुत की जायेगी।

7–अवर अभियन्ता से सर्वेक्षण आख्या प्राप्त होने के उपरान्त बहुमंजिली भवन, व्यावसायिक भवन, संकटमय भवन एवं शैक्षणिक भवन अथवा अन्य महत्वपूर्ण परियोजना का नक्शा पारित करने से पहले अभियन्ता, जिला पंचायत द्वारा प्रस्तावित परियोजना के स्थल का सर्वेक्षण करना अनिवार्य होगा।

8–अभियन्ता द्वारा स्थल की सर्वेक्षण आख्या प्रस्तुत करने के उपरान्त सर्वेक्षण आख्या का परीक्षण किया जायेगा। परियोजना के नक्शों की स्वीकृति हेतु अवर अभियन्ता से एक अंतरिम शुल्क की गणना करके अपर मुख्य अधिकारी, जिला पंचायत को सूचित किया जायेगा। आवेदक द्वारा आंगणित अन्तरिम शुल्क की 20 प्रतिशत धनराशि अग्रिम रूप से नोटिस प्राप्त होने के एक सप्ताह के अन्दर कार्यालय, जिला पंचायत में जमा करनी होगी। इसके उपरान्त ही नक्शे के विषय में अग्रिम कार्यवाही की जायेगी। प्रतिबन्ध यह है कि नक्शा पारित होने के स्तर पर आवेदक मांग-पत्र के अनुसार निर्धारित अवधि में यदि शुल्क जमा करता है, तो उक्त धनराशि समायोजित (Adjust) हो जायेगी। अन्यथा की दशा में जमा धनराशि जब्त हो जायेगी।

9–जिला पंचायत के अभियन्ता द्वारा परियोजना की संभाव्यता (Possibility), सुगमता (Convenience), साध्यता (Feasibility), तकनीकी जांच व जिला पंचायत भवन उपविधि में तकनीकि प्रावधानों एवं नक्शों का परीक्षण किया जायेगा। आवश्यकता समझने पर नक्शों में संशोधन हेतु आवेदनकर्ता को निर्देशित किया जायेगा।

10–अभियन्ता द्वारा परियोजना तकनीकि दृष्टि से सुस्थित (Sound) पाये जाने पर अपनी तकनीकि आख्या अपर मुख्य अधिकारी को अधिकतम 15 दिन में प्रस्तुत करनी होगी। अवर अभियन्ता से आंगणित शुल्क की धनराशि का विवरण प्रतिपरीक्षण (Cross Verification) कराके तकनीकी आख्या के साथ संलग्न करना होगा।

11–अपर मुख्य अधिकारी उक्त आख्या प्राप्त होने पर कार्य अधिकारी एवं अभियन्ता द्वारा प्राप्त आख्याओं का परीक्षण करके आवेदक को शुल्क जमा करने का मांग-पत्र जारी करेंगे। जिसमें आवेदक को शुल्क जमा करने के लिए एक माह का समय दिया जायेगा।

12–आवेदक द्वारा नक्शा शुल्क निर्धारित समय में जमा कराना होगा। जिला निधि की रोकड़ बही में शुल्क की प्रविष्टि के उपरान्त अपर मुख्य अधिकारी द्वारा नक्शे की स्वीकृति प्रदान की जायेगी।

13–उपरोक्त समस्त कार्यवाही पूर्ण होने के उपरान्त आवेदक को अनुज्ञा-पत्र अपर मुख्य अधिकारी एवं अभियन्ता के संयुक्त हस्ताक्षर से आवश्यक शर्तों के अनुसार जारी किया जायेगा। नक्शों पर अपर मुख्य अधिकारी एवं अभियन्ता द्वारा संयुक्त हस्ताक्षर से स्वीकृति प्रदान की जायेगी।

14–यदि जिला पंचायत द्वारा आवेदन प्राप्ति के दो माह के भीतर आवेदक को कोई सूचना अथवा शुल्क की मांग पत्र जारी नहीं किया जाता है, तो आवेदक द्वारा निर्धारित दो माह की अवधि के समाप्ति के दिनांक से 20 दिन के भीतर प्रकरण अपर मुख्य अधिकारी, जिला पंचायत के संज्ञान में लिखित रूप से लाया जायेगा। यदि इस पर भी अपर मुख्य अधिकारी 10 दिन में कोई कार्यवाही नहीं करता है, तो पूर्व में प्रस्तुत नक्शा एवं निर्माण की स्वीकृति मानित स्वीकृति (Deemed Sanction) मानी जायेगी।

विवाद–उक्त कार्यवाही में किसी विवाद होने की दशा में या स्वीकृत नक्शा किन्हीं कारणों से निरस्त होने की दशा में या ऐसी कार्यवाही उत्पन्न होने के दिनांक से 30 दिन के भीतर प्रकरण, अध्यक्ष, जिला पंचायत को सन्दर्भित किया जायेगा। जिसमें उनको अपना अनुदेश ऐसे प्रकरण की प्राप्ति के 30 दिन के भीतर देना होगा एवं उनका यह आदेश उभयपक्षों पर बन्धनकारी होगा।

(ढ) सामान्य अनुदेश (General Instruction)–

1–भारत सरकार अथवा उत्तर प्रदेश सरकार एवं पुरातत्व विभाग द्वारा संरक्षित ऐतिहासिक स्मारक, इमारत या स्थल के 200 मीटर के दायरे में निर्माण की अनुमति नहीं दी जायेगी। 200 मीटर से 1.5 किलोमीटर के दायरे में निर्माण की मंजिलों एवं ऊंचाई की अनुमति, तत्समय आवश्यक और उचित कारण सहित दी जायेगी।

2–भूखण्ड की सीमा से बाहर कोई निर्माण अनुमन्य नहीं होगा।

3–भवन के भू-तल पर स्टिल्ट पार्किंग (Stilt Parking) वाहन पार्किंग, बेसमेंट वाहन पार्किंग, भण्डारण व सुविधाओं के रख-रखाव व सेवा तल (Service Floor) भण्डारण व सुविधाओं के रख-रखाव इत्यादि हेतु उपयोग किया जाये, तो इनका क्षेत्रफल एफ0ए0आर0 में शामिल नहीं होगा।

4–निकटतम हवाई अड्डा, चाहे विमानपत्तन प्राधिकरण (Airport Authority) द्वारा नियन्त्रित हो या रक्षा विभाग अथवा अन्य शासकीय विभाग द्वारा नियन्त्रित हो के 05 किमी0 की परिधि में 30 मी0 से ऊंचे भवन के आवेदनकर्ता को उक्त वर्णित प्रतिष्ठानों से अनापत्ति प्रमाण-पत्र लेना होगा।

5–उपरोक्त उपविधि में सभी बातों के होते हुए भी जिला पंचायत यदि उचित व आवश्यक समझे तो, कारणों का उल्लेख करते हुए किसी भवन में भू-आच्छादन फ्लोर एरिया रेशियो (FAR) अथवा अधिकतम ऊंचाई में परिवर्तन की स्वीकृति प्रदान कर सकती है।

6–उपरोक्त सूची में उल्लिखित भवनों के अतिरिक्त भवनों एवं गतिविधियों के नियमों व विनियमों का निर्धारण जिला पंचायत द्वारा इस प्रकार के समकक्ष (Similar) भवनों एवं गतिविधियों के लिए निर्धारित उपविधियों के अनुसार किया जायेगा।

7–मल्टी लेवल पार्किंग में संरचनात्मक एवं सुरक्षा की शर्तों के अधीन अधिकतम दो बेसमेंट अनुमन्य होंगे।

8–इन उपविधियों के अधीन जारी अनुज्ञा, जारी होने के दिनांक से तीन वर्ष की अवधि के लिए वैध एवं मान्य होगी।

9–इन उपविधियों के पालन न करने की दशा में सम्बन्धित उल्लंघनकर्ता के विरुद्ध सी0आर0पी0सी0 की धारा 133 के अन्तर्गत जिला पंचायत द्वारा कार्यवाही की जायेगी।

(ण) अनुज्ञा की शर्तें–

अनुज्ञा-पत्र जारी होने के उपरान्त यदि यह संज्ञान में आये की नक्शे स्वीकृति हेतु आवेदक द्वारा प्रस्तुत अभिलेख फर्जी हैं अथवा गलत विवरण दिया गया है, तो जिला पंचायत द्वारा दी गयी नक्शों की स्वीकृति निरस्त की जा सकती है, किया गया निर्माण ध्वस्त किया जा सकता है अथवा सील किया जा सकता है।

क–अपर मुख्य अधिकारी को अधिकार होगा की वह अभियन्ता, जिला पंचायत, वाराणसी की संस्तुति पर, वास्तुविद द्वारा प्रस्तुत नक्शों में संशोधन अथवा परिवर्तन कर दे या यथावत स्वीकार कर दे।

ख–पंजीकृत वास्तुविद द्वारा तैयार एवं हस्ताक्षरित नक्शे ही मान्य होंगे। परियोजना का डिजाइन वास्तुविद के अन्तर्गत कार्य करने वाले योग्य अभियन्ता द्वारा कराया जायेगा।

ग–कोई भी व्यक्ति, कम्पनी, फर्म या संस्था, राजकीय विभाग अथवा ठेकेदार आदि द्वारा प्रस्तावित मानचित्र जिला पंचायत से स्वीकृत होने के बावजूद अन्य उन सभी विभागों से जिनसे लाईसेंस/अनापत्ति प्रमाण-पत्र लिया जाना आवश्यक है, अनुमति प्राप्त करने का उत्तरदायित्व आवेदक का होगा।

दण्ड

उत्तर प्रदेश क्षेत्र पंचायत एवं जिला पंचायत अधिनियम, 1961 की धारा 240 के द्वारा प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए जिला पंचायत, वाराणसी निर्देश देती है कि उपरोक्त उपनियमों में से किसी भी उपनियम का उल्लंघन करने पर उल्लंघनकर्ता की दोष सिद्ध होने पर रु0 1,000.00 (एक हजार रुपया) तक अर्थदण्ड दिया जा सकता है तथा प्रथम दोष सिद्ध होने के पश्चात् प्रत्येक दिन के लिये जिसमें उल्लंघन जारी रहा है तो रु0 50.00 (पचास रुपये) प्रतिदिन के हिसाब से अर्थदण्ड दिया जा सकता है और अर्थदण्ड न अदा करने पर तीन माह का कारावास का दण्ड दिया जा सकता है।

दीपक अग्रवाल,
आयुक्त,
वाराणसी मण्डल, वाराणसी।

पी0एस0यू0पी0–26 हिन्दी गजट–भाग 3–2020 ई0।

मुद्रक एवं प्रकाशक–निदेशक, मुद्रण एवं लेखन-सामग्री, उत्तर प्रदेश, प्रयागराज।

रजिस्टर्ड नं०–ए०डी०–4
लाइसेन्स सं०–डब्ल्यू०पी०–41
(लाइसेन्स टू पोस्ट बिदाउट प्रीपेमेन्ट)

सरकारी गज़ट, उत्तर प्रदेश

उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा प्रकाशित

प्रयागराज, शनिवार, 26 सितम्बर, 2020 ई० (आश्विन 4, 1942 शक संवत्)

भाग 4

कार्यालय, सचिव, माध्यमिक शिक्षा परिषद्, उत्तर प्रदेश, प्रयागराज

विज्ञप्ति

19 सितम्बर, 2020 ई0

सं0 परिषद्-9/264–सर्वसाधारण की जानकारी हेतु विज्ञापित एवं प्रसारित है कि शासन ने अपने पत्र संख्या 1343/पन्द्रह-7-2020-1(23)/2017 माध्यमिक शिक्षा अनुभाग-7, दिनांक 18 सितम्बर, 2020 द्वारा इण्टरमीडिएट शिक्षा अधिनियम, 1921 के अधीन निर्मित परिषद् विनियमों के अध्याय-चौदह के विनियम-5(ग) को निम्नवत् संशोधित किये जाने की स्वीकृति अधिनियम की धारा-16(2) के अन्तर्गत प्रदान कर दी गयी है :

विनियम-5 (ग)

वर्तमान विनियम		संशोधित विनियम
विनियम-5 (ग)		**विनियम-5 (ग)**
(1)	एक अनिवार्य विषय : हिन्दी अथवा सामान्य हिन्दी	**अनिवार्य विषय :**
(2)	बहीखाता तथा लेखा शास्त्र	1–सामान्य हिन्दी
(3)	व्यापारिक संगठन एवं पत्र-व्यवहार	2–व्यवसाय अध्ययन
		3–लेखाशास्त्र
(4–5)	निम्नलिखित में से कोई दो विषय–	ऐच्छिक विषय निम्नलिखित में से कोई दो विषय लेने होंगे–
	(एक) अर्थशास्त्र तथा वाणिज्य भूगोल	1–अर्थशास्त्र
	(दो) अधिकोषण तत्व	2–अंग्रेजी
	(तीन) औद्योगिक संगठन	3–गणित
	(चार) गणित तथा प्रारम्भिक सांख्यिकी	4–कम्प्यूटर

वर्तमान विनियम	संशोधित विनियम
(पाँच) कम्प्यूटर (छः) बीमा सिद्धान्त एवं व्यवहार (सात) मानविकी वर्ग के विषयों में से कोई एक विषय। **टीप–** (1) क्रम एक अर्थशास्त्र तथा वाणिज्य भूगोल लेने वाले छात्र मानविकी वर्ग से अर्थशास्त्र विषय नहीं ले सकेंगे। (2) क्रम-5 कम्प्यूटर विषय लेने वाले छात्र मानविकी वर्ग से कम्प्यूटर विषय नहीं ले सकेगा।	

दिव्यकान्त शुक्ल,
सचिव,
माध्यमिक शिक्षा परिषद्
उत्तर प्रदेश।

पी0एस0यू0पी0–26 हिन्दी गजट–भाग 4–2020 ई0।

मुद्रक एवं प्रकाशक–निदेशक, मुद्रण एवं लेखन-सामग्री, उत्तर प्रदेश, प्रयागराज।
पी0एस0यू0पी0–28 मा0शि0प0–25-09-2020–1,000 प्रतियां (मोनो/डी0टी0पी0/आफसेट)।

रजिस्टर्ड नं०–ए०डी०–4
लाइसेन्स सं०–डब्ल्यू०पी०–41
(लाइसेन्स टू पोस्ट बिदाउट प्रीपेमेन्ट)

सरकारी गज़ट, उत्तर प्रदेश

उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा प्रकाशित

प्रयागराज, शनिवार, 26 सितम्बर, 2020 ई० (आश्विन 4, 1942 शक संवत्)

भाग 7-ख

इलेक्शन कमीशन आफ इण्डिया की अनुविहित तथा अन्य निर्वाचन सम्बन्धी विज्ञप्तियां।

भारत निर्वाचन आयोग

नई दिल्ली, तारीख 27 जुलाई, 2020 ई0 / 5 श्रावण, 1942 (शक)

आदेश

सं0 76/उ0प्र0-वि0स0/4/2017—**यतः,** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा उत्तर प्रदेश राज्य में 4-सहारनपुर विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र से साधारण निर्वाचन, 2017 की घोषणा प्रेस नोट संख्या ईसीआई/प्रे0नो0/1/2017, दिनांक 04 जनवरी, 2017 के जरिये की गई थी; और

यतः, लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 78 के अनुसार, निर्वाचन लड़ने वाले प्रत्येक अभ्यर्थी को, निर्वाचित अभ्यर्थी के निर्वाचन की तारीख से 30 दिनों के भीतर निर्वाचन व्यय के अपने लेखे की सही प्रति सम्बन्धित जिला निर्वाचन अधिकारी को दाखिल करनी होती है;

यतः, 4-सहारनपुर विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के रिटर्निंग अधिकारी द्वारा उक्त विधान सभा क्षेत्र से निर्वाचन के परिणाम दिनांक 11 मार्च, 2017 को घोषित किये गये थे और इस प्रकार, निर्वाचन व्यय का लेखा दाखिल करने की अन्तिम तारीख 10 अप्रैल, 2017 थी; और

यतः, जिला निर्वाचन अधिकारी, सहारनपुर जिला, उत्तर प्रदेश द्वारा प्रस्तुत दिनांक 15 अप्रैल, 2017 की रिपोर्ट के अनुसार, उत्तर प्रदेश के 4-सहानपुर विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र से जन अधिकार पार्टी से निर्वाचन लड़ने वाले अभ्यर्थी श्री नौशाद अपने निर्वाचन व्यय का सही लेखा विधि द्वारा यथापेक्षित रीति से दाखिल करने में विफल रहे हैं; और

यतः, जिला निर्वाचन अधिकारी, की उक्त रिपोर्ट के आधार पर भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्वाचनों का संचालन नियम, 1961 के नियम 89 के उप नियम (5) के अन्तर्गत श्री नौशाद को दिनांक 11 सितम्बर, 2017 को निर्वाचन व्यय का लेखा निम्नलिखित त्रुटियों के साथ दाखिल करने हेतु कारण बताओ नोटिस नं0 76/उ0प्र0-वि0स0/4/2017 जारी किया गया था :

(1) दिन-प्रतिदिन के लेखा रजिस्टर, रोकड़ रजिस्टर, बैंक रजिस्टर, सार विवरण को शामिल करते हुए निर्वाचन व्यय रजिस्टर दाखिल नहीं किया गया है।

(2) शपथ-पत्र में विधिवत रूप से शपथ दाखिल नहीं की गई।

(3) निर्वाचन व्यय की मदों के सन्दर्भ में अपेक्षित वाउचर प्रस्तुत नहीं किये गये हैं।

(4) निर्वाचन के लिये अलग से बैंक अकाउन्ट खोला नहीं गया है।

(5) सभी व्यय (छोटे-मोटे व्ययों को छोड़कर) बैंक खाते के माध्यम से नहीं किये गये हैं; और

यतः, निर्वाचनों का संचालन नियम, 1961 के नियम 89 के उप नियम (6) के अनुसार एवं उपर्युक्त कारण बताओ नोटिस के द्वारा श्री नौशाद को निर्देश दिया गया था की वे इस नोटिस के प्राप्त होने के 20 दिनों के भीतर लेखा दाखिल नहीं करने के कारणों को स्पष्ट करते हुये लिखित रूप में अपना अभ्यावेदन निर्वाचन आयोग के समक्ष प्रस्तुत करें और साथ ही उक्त त्रुटियों को दूर करते हुये अपना निर्वाचन व्ययों का लेखा जिला निर्वाचन अधिकारी, सहारनपुर के समक्ष प्रस्तुत करें; और

यतः, जिला निर्वाचन अधिकारी, सहारनपुर जिला द्वारा भारत निर्वाचन आयोग को प्रस्तुत की गई पावती रसीद के अनुसार, उक्त नोटिस श्री नौशाद को दिनांक 29 जुलाई, 2019 को उनके द्वारा नामांकन-पत्र में दर्शाये गये पते पर तामील किया गया था; और

यतः, जिला निर्वाचन अधिकारी, सहारनपुर ने दिनांक 04 नवम्बर, 2019 की अपनी अनुपूरक रिपोर्ट में यह बताया है कि श्री नौशाद द्वारा अभी तक कोई जवाब नहीं दिया गया है और मूल वाउचर सहित हस्ताक्षरित निर्वाचन व्यय के सही लेखे का विवरण प्रस्तुत नहीं किया गया है; और

यतः, भारत निर्वाचन आयोग द्वारा अभ्यर्थी श्री नौशाद को अंतिम अवसर प्रदान करते हुए पत्र सं0 76/उ0प्र0-वि0स0/4/2017, दिनांक 22 नवम्बर, 2019 जारी किया गया, जो जिला निर्वाचन अधिकारी, सहारनपुर के माध्यम से उन्हें दिनांक 04 दिसम्बर, 2019 को प्राप्त हुआ; और

यतः, जिला निर्वाचन अधिकारी, से प्राप्त दिनांक 27 फरवरी, 2020 तथा दिनांक 02 जुलाई, 2020 की रिपोर्ट के अनुसार श्री नौशाद द्वारा उक्त कमियों को सुधारते हुये न तो कोई लेखा जमा किया गया है न ही कोई अभ्यावेदन प्रस्तुत किया गया है। इसके अतिरिक्त, उक्त नोटिस/पत्र मिलने के उपरान्त भी अभ्यर्थी द्वारा उक्त विफलता के लिये भारत निर्वाचन आयोग के समक्ष कोई कारण अथवा स्पष्टीकरण प्रस्तुत नहीं किया गया है; और

यतः, तथ्यों और उपलब्ध दस्तावेजों के आधार पर, आयोग का यह समाधान हो गया है कि श्री नौशाद विहित प्रपत्र में अपने निर्वाचन व्यय का लेखा दाखिल करने में विफल रहे हैं और उनके पास इस विफलता के लिए कोई भी उचित कारण अथवा औचित्य नहीं है; और

यतः, लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 10-क में अनुबंधित किया गया है कि :–

''यदि निर्वाचन आयोग का समाधान हो जाता है कि कोई व्यक्ति–

(क) निर्वाचन व्ययों का लेखा उस समय के भीतर और उस रीति में जैसी इस अधिनियम के द्वारा या अधीन अपेक्षित है, दाखिल करने में विफल रहा है; तथा

(ख) उस विफलता के लिए कोई अच्छा कारण या औचित्य नहीं है

तो निर्वाचन आयोग शासकीय राजपत्र में प्रकाशित आदेश द्वारा उसको निरर्हित घोषित करेगा और ऐसा व्यक्ति उस आदेश की तारीख से तीन वर्ष की कालावधि के लिए निरर्हित होगा'';

अतः, अब लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 10-क के अनुसरण में भारत निर्वाचन आयोग एतद्द्वारा घोषणा करता है कि श्री नौशाद, निवासी ग्राम कुतुबपुर कुसानी, पोस्ट तिवाया, जिला सहारनपुर, उत्तर प्रदेश, जो

उत्तर प्रदेश विधान सभा साधारण निर्वाचन, 2017 में 4-सहारनपुर विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र से निर्वाचन लड़ने वाले अभ्यर्थी थे, इस आदेश की तारीख से तीन वर्ष की अवधि के लिए संसद के किसी भी सदन अथवा राज्य अथवा संघ राज्य-क्षेत्र की विधान सभा अथवा विधान परिषद का सदस्य चुने जाने अथवा होने के लिये निरर्हित होंगे।

आदेश से,
अनुज जयपुरियार,
वरिष्ठ प्रधान सचिव,
भारत निर्वाचन आयोग।

आज्ञा से,
अजय कुमार शुक्ला,
सचिव।

ELECTION COMMISSION OF INDIA

New Delhi, *dated the* *27th July*, 2020 / *Shravana* 5,th 1942 (*Saka*).

ORDER

No. 76/UP-LA/4/2017–WHEREAS, the General Election for 4-Saharanpur Assembly Constituency of Uttar Pradesh, 2017 was announced by the Election Commission of India *vide* Press Note No. ECI/PN/1/2017, dated 04 th January, 2017 ; and

WHEREAS, as per Section 78 of the Representation of the People Act, 1951, every contesting candidate has to lodge a true copy of his accounts of election expenses within 30 days with the concerned District Election Officer, from the date of election of the returned candidate ; and

WHEREAS, the result of the election for 4-Saharanpur Assembly Constituency was declared by the Returning Officer on 11th March, 2017 and hence the last date for lodging the accounts of election expenses was 10th April, 2017 ; and

WHEREAS, as per the report dated 15th April, 2017 submitted by the District Election Officer, Saharanpur District, Uttar Pradesh, Shri Naushad, a contesting candidate of Jan Adhikar Party from 4-Saharanpur Assembly Constituency of Uttar Pradesh has failed to lodge accounts of his election expenses, in the manner prescribed under the law; and

WHEREAS, on the basis of the said report of the District Election Officer, a Show-Cause notice No. 76/UP-LA/4/2017, dated 11th September, 2017 was issued under sub rule (5) of rule 89 of the Conduct of Election Rules, 1961 by the Election Commission of India to Shri Naushad, for the following defects in accounts of his election expenses :–

(i) Election expenditure register comprising of day to day account register, cash register, bank register, abstract statement has not been lodged.

(ii) Duly sworn in Affidavit has not been submitted by candidate.

(iii) Requisite vouchers in respect of items of election expenditure not submitted.

(iv) Separate Bank Account not opened for election.

(v) All Expenditure (except petty expenditure) not routed through bank account; and

WHEREAS, through the above said Show Cause Notice and as required under sub rule (6) of rule 89 of the Conduct of Election Rules, 1961, Shri Naushad was directed to submit his representation in writing to

the Commission explaining the reason for the above said shortcomings in his accounts of election expenses and also to lodge the accounts, after rectifying the above mentioned defects, with the District Election Officer, Saharanpur within 20 days from the date of receipt of the notice; and

WHEREAS, as per the acknowledgement receipt made available to the Election Commission by the District Election Officer, Saharanpur, the said notice was served to Shri Naushad, on 29th July, 2019 at the address provided by the candidate in the nomination papers; and

WHEREAS, the District Election Officer, Saharanpur, has submitted in his supplementary report, dated 4th November, 2019 that Shri Naushad, has not submitted any representation or a statement of correct account of his election expenses duly signed, along with original vouchers *etc*. till that date; and

WHEREAS, the candidate was given last opportunity to rectify the defects found in his accounts, *vide* Commission's letter No. 76/UP-LA/4/2017, dated 22nd November, 2019, which was served to him on 4th December, 2019 through the District Election Officer, Saharanpur; and

WHEREAS, as per the report, dated 27th February, 2020 and 02nd July, 2020 submitted by the District Election Officer to the Commission, Shri Naushad has neither rectified the above mentioned defects nor any representation has been received from him. Further, no representation from the candidate has been received in the Secretariat of the Election Commission of India, after delivery of the above mentioned notice/letter; and

WHEREAS, on the basis of facts and available records, the Commission is satisfied that Shri Naushad has failed to lodge his acccounts of election expenses in the manner prescribed under law and has no good reason or justification for the failure to do so; and

WHEREAS, Section 10A of the Representation of the People Act, 1951 provides that :–

"If the Election Commission is satisfied that a person–

(a) Has failed to lodge an account of election expenses within the time and in the manner required by or under this Act; and

(b) Has no good reason or justification for the failure,

the Election Commission shall, by order published in the official Gazette, declare him to be disqualified and any such person shall be disqualified for a period of three years from the date of the order.";

NOW THEREFORE, in pursuance of Section 10A of the Representation of the People Act, 1951, the Election Commission of India hereby declares Shri Naushad, Resident of Village-Kutubpur Kusani, Post-Tiwaya, District Saharanpur, Uttar Pradesh and a contesting candidate from 4-Saharanpur Assembly Constituency of the State of Uttar Pradesh in the General Elections to the State Legislative Assembly, 2017, to be disqualified for being chosen as and for being a member of either House of Parliament or the Legislative Assembly or Legislative Council of a State or Union Territory for a period of three years from the date of this order.

By order,
ANUJ JAIPURIAR,
Senior Principal Secretary,
Election Commission of India.

By order,
AJAY KUMAR SHUKLA,
Secretary.

भारत निर्वाचन आयोग

नई दिल्ली, तारीख 23 जुलाई, 2020 ई0 / 1 श्रावण, 1942 (शक)

आदेश

सं0 76/उ0प्र0-वि0स0/256/2017—**यतः,** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा उत्तर प्रदेश राज्य में 256-फूलपुर विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र से साधारण निर्वाचन, 2017 की घोषणा प्रेस नोट संख्या ईसीआई/प्रे0नो0/1/2017, दिनांक 04 जनवरी, 2017 के जरिये की गई थी; और

यतः, लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 78 के अनुसार, निर्वाचन लड़ने वाले प्रत्येक अभ्यर्थी को, निर्वाचित अभ्यर्थी के निर्वाचन की तारीख से 30 दिनों के भीतर निर्वाचन व्यय के अपने लेखे की सही प्रति सम्बन्धित जिला निर्वाचन अधिकारी को दाखिल करनी होती है;

यतः, 256-फूलपुर विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के रिटर्निंग अधिकारी द्वारा उक्त विधान सभा क्षेत्र से निर्वाचन के परिणाम दिनांक 11 मार्च, 2017 को घोषित किये गये थे और इस प्रकार, निर्वाचन व्यय का लेखा दाखिल करने की अन्तिम तारीख 10 अप्रैल, 2017 थी; और

यतः, जिला निर्वाचन अधिकारी, प्रयागराज जिला, उत्तर प्रदेश द्वारा प्रस्तुत रिपोर्ट के अनुसार, उत्तर प्रदेश के 256-फूलपुर विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र से प्रगतिशील मानव समाज पार्टी से निर्वाचन लड़ने वाले अभ्यर्थी श्री अशोक कुमार दुबे अपने निर्वाचन व्यय का सही लेखा विधि द्वारा यथापेक्षित रीति से दाखिल करने में विफल रहे हैं; और

यतः, जिला निर्वाचन अधिकारी, की उक्त रिपोर्ट के आधार पर भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्वाचनों का संचालन नियम, 1961 के नियम 89 के उप नियम (5) के अन्तर्गत श्री अशोक कुमार दुबे को दिनांक 16 सितम्बर, 2019 को निर्वाचन व्यय का लेखा निम्नलिखित त्रुटियों के साथ दाखिल करने हेतु कारण बताओ नोटिस नं0 76/उ0प्र0-वि0स0/256/भा0नि0आ0/नोटिस/टेर0/उ0अनु0-III-उ0प्र0/2017 जारी किया गया था :

(1) समस्त अपेक्षित बिल वाउचर्स प्रस्तुत नहीं किये गये हैं; और

यतः, निर्वाचनों का संचालन नियम, 1961 के नियम 89 के उप नियम (6) के अनुसार एवं उपर्युक्त कारण बताओ नोटिस के द्वारा श्री अशोक कुमार दुबे को निर्देश दिया गया था की वे इस नोटिस के प्राप्त होने के 20 दिनों के भीतर लेखा दाखिल नहीं करने के कारणों को स्पष्ट करते हुये लिखित रूप में अपना अभ्यावेदन निर्वाचन आयोग के समक्ष प्रस्तुत करें और साथ ही उक्त त्रुटियों को दूर करते हुये अपना निर्वाचन व्ययों का लेखा जिला निर्वाचन अधिकारी, प्रयागराज के समक्ष प्रस्तुत करें; और

यतः, जिला निर्वाचन अधिकारी, प्रयागराज जिला, द्वारा भारत निर्वाचन आयोग को प्रस्तुत की गई पावती रसीद के अनुसार, अभ्यर्थी के उनके नामांकन-पत्र में दर्शाये गये पते पर अनुपस्थित होने की स्थिति में उक्त नोटिस को दिनांक 20 अक्टूबर, 2019 को स्थानीय निवासियों की उपस्थिति में उक्त पते के दरवाजे पर चिपकाया गया था; और

यतः, जिला निर्वाचन अधिकारी, प्रयागराज ने दिनांक 22 नवम्बर, 2019 तथा 22 फरवरी, 2020 की अपनी अनुपूरक रिपोर्ट में यह बताया है कि श्री अशोक कुमार दुबे द्वारा अभी तक कोई जवाब नहीं दिया गया है और मूल वाउचर सहित हस्ताक्षरित निर्वाचन व्यय के सही लेखे का विवरण प्रस्तुत नहीं किया गया है; और

यतः, भारत निर्वाचन आयोग द्वारा अभ्यर्थी श्री अशोक कुमार दुबे को अंतिम अवसर प्रदान करते हुए पत्र सं0 76/उ0प्र0-वि0स0/256/भा0नि0आ0/पत्र/टेर0/उ0अनु0-III-उ0प्र0/2017, दिनांक 26 फरवरी, 2020 जारी किया गया, जो दिये गये पते पर दीवार पर दिनांक 25 जून, 2020 को जिला निर्वाचन अधिकारी, प्रयागराज के माध्यम से चिपकाया गया था; और

यतः, जिला निर्वाचन अधिकारी, से प्राप्त दिनांक 17 जुलाई, 2020 की रिपोर्ट के अनुसार श्री अशोक कुमार दुबे द्वारा उक्त कमियों को सुधारते हुये न तो कोई लेखा जमा किया गया है न ही कोई अभ्यावेदन प्रस्तुत किया गया है। इसके अतिरिक्त, उक्त नोटिस/पत्र मिलने के उपरान्त भी अभ्यर्थी द्वारा उक्त विफलता के लिये भारत निर्वाचन आयोग के समक्ष कोई कारण अथवा स्पष्टीकरण प्रस्तुत नहीं किया गया है; और

यतः, तथ्यों और उपलब्ध दस्तावेजों के आधार पर, आयोग का यह समाधान हो गया है कि श्री अशोक कुमार दुबे विहित प्रपत्र में अपने निर्वाचन व्यय का लेखा दाखिल करने में विफल रहे हैं और उनके पास इस विफलता के लिए कोई भी उचित कारण अथवा औचित्य नहीं है; और

यतः, लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 10-क में अनुबंधित किया गया है कि :–

''यदि निर्वाचन आयोग का समाधान हो जाता है कि कोई व्यक्ति–

(क) निर्वाचन व्ययों का लेखा उस समय के भीतर और उस रीति में जैसी इस अधिनियम के द्वारा या अधीन अपेक्षित है, दाखिल करने में विफल रहा है; तथा

(ख) उस विफलता के लिए कोई अच्छा कारण या औचित्य नहीं है

तो निर्वाचन आयोग शासकीय राजपत्र में प्रकाशित आदेश द्वारा उसको निरर्हित घोषित करेगा और ऐसा व्यक्ति उस आदेश की तारीख से तीन वर्ष की कालावधि के लिए निरर्हित होगा'';

अतः, अब लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 10-क के अनुसरण में भारत निर्वाचन आयोग एतद्द्वारा घोषणा करता है कि श्री अशोक कुमार दुबे, निवासी 323/10, अलोपीबाग, तहसील सदर, इलाहाबाद (वर्तमान में प्रयागराज), उत्तर प्रदेश, जो उत्तर प्रदेश विधान सभा साधारण निर्वाचन, 2017 में 256–फूलपुर विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र से निर्वाचन लड़ने वाले अभ्यर्थी थे, इस आदेश की तारीख से तीन वर्ष की अवधि के लिए संसद के किसी भी सदन अथवा राज्य अथवा संघ राज्य-क्षेत्र की विधान सभा अथवा विधान परिषद का सदस्य चुने जाने अथवा होने के लिये निरर्हित होंगे।

आदेश से,
अनुज जयपुरियार,
वरिष्ठ प्रधान सचिव,
भारत निर्वाचन आयोग।

आज्ञा से,
अजय कुमार शुक्ला,
सचिव।

ELECTION COMMISSION OF INDIA

New Delhi, *dated the* *23*rd *July*, 2020 / *Shravana* 1th, 1942 (*Saka*).

ORDER

No. 76/UP-LA/256/2017–WHEREAS, the General Election for 256-Phulpur Assembly Constituency of Uttar Pradesh, 2017 was announced by the Election Commission of India *vide* Press Note No. ECI/PN/1/2017, dated 04th January, 2017 ; and

WHEREAS, as per Section 78 of the Representation of the People Act, 1951, every contesting candidate has to lodge a true copy of his accounts of election expenses within 30 days with the concerned District Election Officer, from the date of election of the returned candidate ; and

WHEREAS, the result of the election for 256-Phulpur Assembly Constituency was declared by the Returning Officer on 11th March, 2017 and hence the last date for lodging the accounts of election expenses was 10th April, 2017 ; and

WHEREAS, as per the report submitted by the District Election Officer, Prayagraj District, Uttar Pradesh, Shri Ashok Kumar Dubey, a contesting candidate of Pragatisheel Manav Samaj Party from 256-Phulpur Assembly Constituency of Uttar Pradesh has failed to lodge accounts of his election expenses, in the manner prescribed under the law; and

WHEREAS, on the basis of the said report of the District Election Officer, a Show-Cause notice No. 76/UP-LA/256/ECI/Notice/TERR/NS-III-UP/2017, dated 16th September, 2019 was issued under sub rule (5) of rule 89 of the Conduct of Election Rules, 1961 by the Election Commission of India to Shri Ashok Kumar Dubey, for the following defects in accounts of his election expenses :–

(i) All the requisite bill vouchers have not been presented; and

WHEREAS, through the above said Show Cause Notice and as required under sub rule (6) of rule 89 of the Conduct of Election Rules, 1961, Shri Ashok Kumar Dubey was directed to submit his representation in writing to the Commission explaining the reason for the above said shortcomings in his accounts of election expenses and also to lodge the accounts, after rectifying the above mentioned defects, with the District Election Officer, Prayagraj within 20 days from the date of receipt of the notice; and

WHEREAS, as per the acknowledgement receipt made available to the Election Commission by the District Election Officer, Prayagraj, due to absence of candidate at the address provided by him in nomination papers, the notice was pasted on the gate of the address on 20th October, 2019 in the presence of local residents; and

WHEREAS, the District Election Officer, Prayagraj has submitted in his supplementary report, dated 22nd November, 2019 and 22nd February, 2020 that Shri Ashok Kumar Dubey, has not submitted any representation or a statement of correct account of his election expenses duly signed, along with original vouchers *etc*. till that date; and

WHEREAS, the candidate was given last opportunity to rectify the defects found in his accounts, *vide* Commission's letter No. 76/UP-LA/256/ECI/LET/TERR/NS-III-UP/2017, dated 26th February, 2020, which was pasted on the gate of the address on 25th June, 2020 through the District Election Officer, Prayagraj; and

WHEREAS, as per the report, dated 17th July, 2020 submitted by the District Election Officer to the Commission, Shri Ashok Kumar Dubey has neither rectified the above mentioned defects nor any representation has been received from him. Further, no representation from the candidate has been received in the Secretariat of the Election Commission of India, after delivery of the above mentioned notice/letter; and

WHEREAS, on the basis of facts and available records, the Commission is satisfied that Shri Ashok Kumar Dubey has failed to lodge his acccounts of election expenses in the manner prescribed under law and has no good reason or justification for the failure to do so; and

WHEREAS, Section 10A of the Representation of the People Act, 1951 provides that :–

"If the Election Commission is satisfied that a person–

(a) Has failed to lodge an account of election expenses within the time and in the manner required by or under this Act; and

(b) Has no good reason or justification for the failure,

the Election Commission shall, by order published in the official Gazette, declare him to be disqualified and any such person shall be disqualified for a period of three years from the date of the order.";

NOW THEREFORE, in pursuance of Section 10A of the Representation of the People Act, 1951, the Election Commission of India hereby declares Shri Ashok Kumar Dubey, Resident of 323/10, Alopibagh, Tehsil-Sadar, Allahabad (now Prayagraj), Uttar Pradesh and a contesting candidate from 256-Phulpur Assembly Constituency of the State of Uttar Pradesh in the General Elections to the State Legislative Assembly, 2017, to be disqualified for being chosen as and for being a member of either House of Parliament or the Legislative Assembly or Legislative Council of a State or Union Territory for a period of three years from the date of this order.

By order,
ANUJ JAIPURIAR,
Senior Principal Secretary,
Election Commission of India.

By order,
AJAY KUMAR SHUKLA,
Secretary.

पी0एस0यू0पी0—26 हिन्दी गजट—भाग 7-ख—2020 ई0।

मुद्रक एवं प्रकाशक—निदेशक, मुद्रण एवं लेखन-सामग्री, उ0 प्र0, प्रयागराज।
पी0एस0यू0पी0—11 निर्वाचन—24-09-2020—25 प्रतियां—(डी0टी0पी0/आफसेट)।

रजिस्टर्ड नं०–ए०डी०–4
लाइसेन्स सं०–डब्ल्यू०पी०–41
(लाइसेन्स टू पोस्ट बिदाउट प्रीपेमेन्ट)

सरकारी गज़ट, उत्तर प्रदेश

उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा प्रकाशित

प्रयागराज, शनिवार, 26 सितम्बर, 2020 ई० (आश्विन 4, 1942 शक संवत्)

भाग 8

सरकारी कागज-पत्र, दबाई हुई रूई की गांठों का विवरण-पत्र, जन्म-मरण के आंकड़े, रोगग्रस्त होने वालों और मरने वालों के आंकड़े, फसल और ऋतु सम्बन्धी रिपोर्ट, बाजार-भाव, सूचना, विज्ञापन इत्यादि।

कार्यालय, नगरपालिका परिषद्, गौरीगंज, जनपद अमेठी

01 सितम्बर, 2020 ई0

सं0 371/न0पा0प0गौरी0/2020-21–सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगरपालिका परिषद्, गौरीगंज, जनपद अमेठी ने अपनी सीमा के अन्तर्गत उत्तर प्रदेश शासन के आदेश संख्या 408/9-10-63ए/95-टी0सी0, दिनांक 22 फरवरी, 2010 के अनुपालन में उ0प्र0 नगरपालिका अधिनियम, 1916 की धारा 298 के द्वारा प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करके समस्त प्रकार के आवासीय एवं व्यवसायिक भवनों एवं भूमि/भू-खण्ड पर स्वकर प्रणाली के अन्तर्गत सम्पत्ति कर निर्धारण एवं नामान्तरण उपविधि प्रस्तावित करती है। उपनियमावली का विवरण निम्नलिखित है :

उपविधि

1–नाम–यह उपविधि नगरपालिका परिषद्, गौरीगंज सम्पत्ति कर निर्धारण एवं नामान्तरण उपविधि, 2020 कहलायेगी, जो नगरपालिका परिषद् की सीमा के अन्दर राजकीय गजट में प्रकाशित तिथि से लागू होगी। लेकिन यदि कोई भी व्यक्ति इस उपनियमावली के प्रकाशन की तिथि से ही प्रकाशित उपनियमावली के प्रावधानों के अनुसार विभिन्न कर एवं शुल्क का निर्धारण कराकर उसे जमा कर सकता है।

2–अर्थ–स्वकर प्रणाली के अन्तर्गत भवन/भूमि स्वामी स्वयं ही अपने भवन की माप कर इस उपविधि के खण्ड 'ख' में उल्लिखित दरों के आधार पर आंगणन कर भवन/भूमि पर सम्पत्ति कर निर्धारण कर सकेगी।

3–परिभाषाएं–इस नियमावली के विषय या प्रसंग में कोई बात प्रतिकूल न होने पर–

(1) ''नगरपालिका क्षेत्र'' से तात्पर्य नगरपालिका परिषद्, गौरीगंज की सीमा के अन्तर्गत आने वाले उसके अधिसूचित क्षेत्र से है।

(2) ''नगरपालिका परिषद्, गौरीगंज'' से तात्पर्य संविधान के अनुच्छेद 243-घ के खण्ड के उपखण्ड 'क' के अधीन व उत्तर प्रदेश नगरपालिका अधिनियम, 1916 के अधीन गठित नगरपालिका से है।

(3) ''अध्यक्ष नगरपालिका'' से तात्पर्य नगरपालिका परिषद्, गौरीगंज की जनता द्वारा चुना गया अध्यक्ष/प्रभारी अधिकारी से है।

(4) ''अधिशासी अधिकारी'' से तात्पर्य नगरपालिका परिषद्, गौरीगंज में इन पद पर नियुक्त/कार्यरत अधिकारी से है।

(5) ''कर समाहर्ता या राजस्व लिपिक'' से तात्पर्य नगरपालिका परिषद्, गौरीगंज में इन पदों पर कार्यरत कर समाहर्ता अधिकारी से है।

(6) ''भवन/भूमि'' से तात्पर्य नगरपालिका परिषद्, गौरीगंज की सीमान्तर्गत स्थित भवन/भूमि से है।

(7) ''स्वकर निर्धारण प्रणाली'' से तात्पर्य उस व्यवस्था से है जिसे उत्तर प्रदेश सरकार के आदेश संख्या 408/9-10-63ए/95-टी0सी0, दिनांक 22 फरवरी, 2010 एवं उत्तर प्रदेश सरकार के आदेश संख्या 135/9-9-11-190द्वि0रा0वि0आ0/04, दिनांक 18 मार्च, 2011 द्वारा उत्तर प्रदेश की समस्त निकायों में लागू किया गया है एवं आदेश संख्या 344/79-वि-1-11-1'क' 15-2011, लखनऊ दिनांक 11 मार्च, 2011 द्वारा राजपत्र में प्रकाशित किया गया है।

(8) ''आवासीय भवन'' से तात्पर्य उस भवन से है जिसका प्रयोग उसके स्वामी/अध्यासी द्वारा निवास के रूप में किया जा रहा है।

(9) ''व्यवसायिक भवन'' से तात्पर्य उस भवन से है जिसका प्रयोग व्यवसायिक गतिविधियों के रूप में किया जा रहा है

(10) ''मिश्रित भवन'' से तात्पर्य उस भवन से है जिसका प्रयोग आवासीय के साथ-साथ व्यवसायिक गतिविधियों के रुप में भी किया जा रहा है।

(11) ''पक्का भवन'' से तात्पर्य उस भवन से है जिसका छत आर0सी0सी0 पद्धति से निर्मित हो तथा आधुनिक भवन निर्माण साम्रगी का प्रयोग किया गया है।

(12) ''अन्य पक्का भवन'' से तात्पर्य उस भवन से है जिसकी छत कड़ी पटिया से निर्मित हो।

(13) ''कच्चा भवन'' से तात्पर्य उस भवन से है जिसकी छत अस्थाई साधनों यथा छप्पर, लोहा/सीमेन्ट की चादर आदि से निर्मित है।

(14) ''मासिक किराया दर'' से तात्पर्य इस उपविधि में भवनों/भूमि हेतु कारपेट आच्छादित क्षेत्रफल के लिए अधिशासी अधिकारी द्वारा निर्धारण प्रति वर्ग फुट किराये से है।

(15) ''वार्षिक मूल्य'' से तात्पर्य पालिका अधिनियम की धारा 140 में उल्लिखित वार्षिक मूल्य से है।

(16) ''कारपेट एरिया'' से तात्पर्य उस क्षेत्र से है जैसे कि इस प्रयोजन के लिए दिनांक 11 मार्च, 2011 को उत्तर प्रदेश सरकार ने प्रकाशित किया है।

(17) ''आच्छादित क्षेत्र'' का तात्पर्य नींव क्षेत्र पर जिस पर भवन का सनिर्माण किया जाता है, प्रत्येक तल के आच्छादित क्षेत्र है।

(18) ''मोहल्ले की श्रेणी'' से तात्पर्य, मौहल्ले में विकास की स्थिति, भवनों की स्थिति, नाली, सड़क, स्थानीय लोगों के रहन-सहन एवं भारतीय स्टाम्प अधिनियम, 1899 के प्रयोजनों के लिए कलेक्टर द्वारा नियत सर्किल दर के अधार पर अधिशासी अधिकारी द्वारा नियत की गयी, से है।

(19) ''मार्ग की चौड़ाई'' से तात्पर्य सार्वजनिक मार्ग के दानों ओर स्थित सरकारी नाला/नाली के मध्य की दूरी से है।

4–कारपेट क्षेत्रफल की गणना विधि–प्रत्येक तल के लिए कारपेट क्षेत्र की गणना निम्न प्रकार से की जायेगी–

(1) **कक्ष**–आंतरिक आयाम की पूर्ण माप 'वर्ग फुट में'

(2) **आच्छादित बरामदा**–आंतरिक आयाम की पूर्ण माप 'वर्ग फुट में'

(3) **बाल्कनी, गलियारा, रसोईघर और भण्डार गृह**–आंतरिक आयाम की 50 प्रतिशत माप 'वर्ग फुट में'

(4) **गैराज**–आंतरिक आयाम की 25 प्रतिशत माप 'वर्ग फुट में'

(5) स्नानागार, शौचालय, द्वारमण्डप और जीना से आच्छादित क्षेत्रफल कारपेट क्षेत्रफल का अंग नहीं होगा।

स्पष्टीकरण–उत्तर प्रदेश शहरी भवन 'किराये पर देने, किराये तथा बेदखली का विनियमन' अधिनियम, 1972 के प्रयोजनो के लिए किसी भवन का मानक किराया, अनुबंधित किराया या युक्ति-युक्त वार्षिक किराये को भवन के वार्षिक किराये को भवन के वार्षिक मूल्य की गणना करते समय हिसाब में नहीं लिया जायेगा।

5–वार्षिक मूल्य की गणना विधि–

(1) आवासीय भवन/भूमि का वार्षिक मूल्य 12× क्षेत्रवार प्रति वर्ग फुट मासिक किराया दर × भवन के आच्छादित क्षेत्र का 80 प्रतिशत।

(2) व्यवसायिक भवन का वार्षिक मूल्य 12×3× क्षेत्रवार प्रति वर्ग फुट मासिक किराया दर × भवन का कारपेट एरिया।

स्पष्टीकरण–मिश्रित भवनों के लिए वार्षिक मूल्य, आवासीय एवं व्यवसायिक दोनों के वार्षिक मूल्य की अलग-अलग गणना के योग के बराबर होगा।

6–वार्षिक मूल्य के आधार पर आंगणिक कर से सम्बन्धित आधार भूत तथ्य–

(1) मासिक किराया प्रति वर्ग फुट की दर से देय होगा। नगरपालिका के अधिशासी अधिकारी द्वारा प्रत्येक 2 वर्ष में एक बार भवन एवं भूमि की स्थिति, भवन निर्माण की प्रकृति, भारतीय स्टाम्प अधिनियम, 1899 के प्रयोजन के लिए कलेक्टर/जिलाधिकारी द्वारा निर्धारित सर्किल दर के आधार पर नियत किया जाएगा। 2 वर्षों के उपरान्त प्रति वर्ग फुट मासिक किराया दरों का परिवर्तन किया जा सकेगा।

(2) अधिशासी अधिकारी द्वारा नगरपालिका क्षेत्र या उसके भाग में उपविधि में विहित प्रावधानों के अनुसार समय-समय पर किराया दर का निर्धारण एवं कर निर्धारण किया जाएगा।

(3) वार्षिक कर निर्धारण के प्रयोजनों के लिए प्रत्येक भवन एवं भूमि स्वामी या अध्यासी प्रत्येक वित्तीय वर्ष के प्रथम माह में नगरपालिका द्वारा निर्धारित प्रारूप पर भरकर नगरपालिका परिषद्, गौरीगंज के कार्यालय में प्रस्तुत करेगा। यदि भवन नवनिर्मित है तो निर्माण पूर्ण होने के 15 दिवस के भीतर पूर्ण विवरण-पत्र/प्रारूप नगरपालिका कार्यालय में जमा करे। अधिशासी अधिकारी द्वारा प्रारूप में दर्ज सूचनाओं की शुद्धता का परिक्षण कराने हेतु प्राधिकृत कार्मिक/कर समाहर्ता/राजस्व लिपिक/कर निरीक्षक से भवन की जांच कराई जा सकती है।

(4) बिना समुचित कारण के उपधारा '4' में विनिर्दिष्ट विवरणी की प्रस्तुत करने में विफल रहने या भवन से सम्बन्धित किसी प्रकार का तथ्त छिपाने पर, कोई व्यक्ति रु0 1,000.00 से 10,000.00 तक शास्ति भुगतान करने के लिए उत्तरदायी होगा।

(5) उपधारा '5' एवं अधिनियम में विनिर्दिष्ट शास्ति का प्रशमन एवं अधिनियम की धारा 140, 141, 142, 143, 144, व 149 का प्रवर्तन अधिशासी अधिकारी के द्वारा किया जायेगा।

(6) सम्पत्ति कर की स्वकर प्रणाली लागू करने से पूर्व अधिशासी अधिकारी द्वारा भवन/भूमि के स्वामी/अध्यासी के सम्बन्ध में सर्वे कराया जायेगा। यदि किसी एक भवन में आवासीय एवं व्यवसायिक दोनों गतिविधियां पायी जाती हैं तो भवन आवासीय एवं व्यवसायिक माना जायेगा। यदि भवन बहु मंजिला है जिसमें कुछ तल पर व्यवसायिक गतिविधियां एवं उसके अन्य शेष तल में आवासीय के रूप में प्रयोग किया जा रहा हो तो इसमें कर का निर्धारण पृथक्-पृथक् किया जायेगा। जिन भवनों/भूमियों के सम्बन्ध में स्वमित्व सम्बन्धी विवाद है अथवा सर्वे में जिनके स्वामियों का पता नहीं चलता है तो सम्पत्ति कर के भुगतान का दायित्व ऐसे भवनों में रहने वाले किरायेदार/अध्यासी का ही होगा।

7–सम्पत्ति कर एवं अन्य कर की दर–

भवन एवं भूमि के सापेक्ष आंगणिक वार्षिक मूल्यांकन का 10 प्रतिशत संपत्ति कर निर्धारित होगा। इसके अतिरिक्त नगरपालिका अधिनियम, 1916 एवं समय-समय पर शासनादेशों द्वारा दिये गये निर्देशों के अनुसार भवनों पर जल कर भी अधिरोपित किया जायेगा। लेकिन जब तक जलकर निर्धारित नहीं किया जाता है तब तक निकाय में जल मूल्य प्रभावी होगा। जिसकी दर निम्नलिखित प्रकार से होगी–

आवासीय भवनों पर रु0 50.00, तथा वाणिज्यिक भवनों पर रु0 100.00 प्रतिमाह की दर से जल मूल्य देय होगा। शासनादेशों में दिये गये प्रविधानों के अनुसार जल मूल्य की दरों में वृद्धि/परिवर्तन किया जा सकता है।

8–कर निर्धारण सूची का अधिप्रमाणन और उसकी अभिरक्षा–

1–अधिशासी अधिकारी, नगरपालिका क्षेत्र या उसके किसी भाग के क्षेत्रवार किराया दरों और निर्धारण सूची को अपने हस्ताक्षर से अधिप्रमाणित करेगा।

2–इस प्रकार अधिप्रमाणित प्रत्येक सूची को नगरपालिका के कार्यालय में जमा किया जायेगा।

9–सम्पत्ति कर जमा करने के सम्बन्ध में प्रावधान–

1–भवन एवं भूमि के स्वामियों द्वारा 30 सितम्बर तक चालू मांग का सम्पत्ति कर जमा करने पर 10 प्रतिशत की छूट दी जायेगा।

2–भवन एवं भूमि के स्वामियों द्वारा 30 नवंबर तक चालू मांग का सम्पत्ति कर जमा करने पर 05 प्रतिशत की छूट दी जायेगी।

3–भवन एवं भूमि के स्वामियों द्वारा 30 नवंबर के बाद 31 मार्च तक चालू मांग का सम्पत्ति कर जमा करने पर न तो कोई छूट दी जायेगी और न ही ब्याज आरोपित किया जायेगा। परन्तु 31 मार्च के पश्चात् सम्पत्ति कर जमा करने पर अर्थ दण्ड के रूप में 2 प्रतिशत मासिक चक्रवृद्धि ब्याज देय होगा। ब्याज की गणना करों को जमा करने की तिथि से संबंधित माह की अंतिम तिथि तक की जायेगी ।

4–करों से संबंधित धनराशि सीधे निकाय के बैंक खाते में जमा करने के संबंध में परिस्थितिजन्य निर्णय लेने का अधिकार अधिशासी अधिकारी में निहित होगा।

5–नगरपालिका की अन्य उपविधियों/अधिनियम/शासनादेशों आदि का उल्लंघन करने पर आरोपित शास्तियों को उल्लंघनकर्ता के सम्पत्ति कर खाते में अवशेष देनदारी के रुप में दर्ज किया जा सकता है एवं अवशेष करों/शास्तियों/देयताओं के संबंध में अधिशासी अधिकारी को यह विश्वास होने पर कि पर्याप्त समय के उपरान्त भी करदाता द्वारा देनदारियां नहीं चुकायी गयी हैं, समस्त देनदारियों को भू-राजस्व के बकाये के रुप में वसूले जाने हेतु कार्यवाही प्रारम्भ की जा सकती है।

10–कर मुक्ति प्रावधान–

भवन एवं भूमि दोनों के वार्षिक मूल्य पर सम्पत्ति कर का उद्ग्रहण, नगरपालिका सीमा में स्थित निम्नलिखित को छोड़कर, समस्त भवनों और भूमि के संबंध में किया जायेगा–

1–मृतकों के निस्तारण से संबंधित प्रयोजनों के लिए अनन्य रुप से प्रयुक्त भवन या भूमि।

2–भवनों और भूमि या उसके भाग, जिसका अधिभाग और उपयोग अनन्य रुप से सार्वजनिक पूजा या धर्मार्थ प्रयोजनों/अनुसंधान सरकारी सहायता प्राप्त या गैर सहायता प्राप्त संस्थाओं के मैदान, कृषि क्षेत्र, उद्यान, और खेल के मैदान या क्रीड़ा स्टेडियम के लिये किया जाता हो।

3–राज्य सरकार व केन्द्र सरकार से मान्यता प्राप्त सरकारी भवन, जिनका उपयोग अनन्य रूप से विद्यालय या इण्टरमीडिएट कालेज एवं अन्य शैक्षणिक संस्थान के रूप में प्रयोग किया जाता है। शैक्षणिक गतिविधियों से इतर परिसर कर मुक्ति दायरे से बाहर होंगे।

4–ऐसे भवन, जिनका उपयोग केन्द्र व राज्य सरकार के कार्यालय के लिए होता हो कर मुक्ति के दायरे में आयेंगें। परन्तु वाणिज्यिक बैंक/वाणिज्यिक भवन कार्यालय कर के परिधि में होंगे।

5–प्राचीन स्मारक परिरक्षण अधिनियम, 1904 में यथा परिभाषित प्राचीन स्मारक, जो किसी ऐसे स्मारक के संबंध में राज्य सरकार के किसी निर्देश के अध्यधीन हो।

6–केन्द्र या राज्य सरकार द्वारा स्थापित एवं संचालित चिकित्सालय कर के दायरे से बाहर होंगे।

11–सम्पत्ति के हस्तानांतरण सम्बन्धी नियम/सम्पत्ति रजिस्टर में नाम परिवर्तन सम्बन्धी नियम–

1–यदि किसी भवन अथवा भूमि जिस पर कर आरोपित है, स्वामित्व हस्तानांतरित होता है, तो स्वत्व पाने वाला व्यक्ति या संस्था, ऐसे हस्तानांतरण के 3 माह के अंदर उसकी सूचना, बैनामे की प्रमाणित छायाप्रति व अन्य अपेक्षित दस्तावेजों के साथ क्रय धनराशि या वर्तमान प्रचलित सर्किल दर के अनुसार संपत्ति की कीमत 'जो अधिक हो' का एक प्रतिशत की धनराशि नामान्तरण शुल्क के रूप में नगरपालिका में जमा करते हुए अधिशासी अधिकारी को आवेदन प्रेषित करना होगा। अन्यथा की स्थिति में रु0 250.00 प्रतिवर्ष की दर से विलम्ब शुक्ल भी देय होगा। नामान्तरण शुल्क जमा करने का दायित्व स्वत्व पाने वाला व्यक्ति या संस्था का होगा।

2–यदि किसी करदाता अथवा भवन/भूमि के स्वामी की मृत्यु हो जाती है तो उसके वारिस/उत्तराधिकारी द्वारा मृत्यु की दिनांक से 3 माह के अंदर इसकी लिखित सूचना नामान्तरण शुल्क रु0 1000.00 के साथ नगरपालिका में जमा करते हुए अधिशासी अधिकारी को प्रेषित करना होगा। अन्यथा रु0 250.00 प्रतिवर्ष की दर से विलम्ब शुल्क भी देय होगा।

3–नामान्तरण के आवेदन का निस्तारण अधिकतम 3 माह के अन्दर कर दिया जायेगा।

12–शास्ति एवं अर्थदण्ड–

इस उपविधि के किसी भी उपबन्ध का उल्लंघन करने अथवा भवन से संबंधित किसी भी प्रकार की तथ्य/जानकारी छिपाने पर भवन स्वामी/भूमि स्वामी पर रु0 1000.00 से 10,000.00 तक का अर्थदण्ड आरोपित किया जा सकता।

13–उपसंहार–

इस उपविधि के प्रचलन में आते ही नगरपालिका परिषद्, गौरीगंज की पूर्व में प्रचलित गृहकर उपविधि/सम्पत्ति कर उपविधि स्वतः ही खण्डित मानी जायेगी। यद्यपि कि पूर्व में प्रचलित उपविधि के अंतर्गत सभी अवशेष देयताओं की वसूली की जायेगी।

1–नगर में स्थित आवासीय भवनों/भूमि हेतु मार्ग की चौड़ाई के आधार पर स्वकर निर्धारण हेतु प्रस्तावित मासिक किराया दर 'रु0 प्रति वर्ग फुट में'।

1	सड़क की चौ0 0-07 मी0 पर अवस्थित			सड़क की चौ0 07-12 मी0 पर अवस्थित			सड़क की चौ0 12 मी0 से अधिक पर अवस्थित		
2	आर0सी0सी0/ आर0बी0सी0/ पक्का	अर्ध पक्क	कच्चा	आर0सी0सी0/ आर0बी0सी0/ पक्का	अर्ध पक्का	कच्चा	आर0सी0सी0/ आर0बी0सी0/ पक्का	अर्ध पक्का	कच्चा
	रु0	रु0	रु0	रु0	रु0	रु0	रु0	रु0	रु0
3	1.00	0.75	0.50	1.10	0.80	0.55	1.20	0.85	0.60

नोट–उपरोक्त दरों का प्रकाशन पृथक से भी किया जा सकेगा।

राजपती,
अध्यक्ष,
नगरपालिका परिषद्, गौरीगंज,
अमेठी।

कार्यालय, नगर पंचायत, अन्तू, प्रतापगढ़

08 मार्च, 2018 ई0

सं0 200/न0पं0 अन्तू प्रतापगढ़-2017-18–उ0प्र0 नगरपालिका अधिनियम, 1916 की धारा 298 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए नगर पंचायत, अन्तू, प्रतापगढ़ द्वारा नगर एवं नागरिक हितों को ध्यान में रखते हुए अपने सीमान्तर्गत ''विविधकर (शुल्क) उपविधि नियमावली, 2019 तैयार किया गया है। जिसका प्रकाशन इस आशय से किया जा रहा है कि नगर वासियों व प्रभावित व्यक्ति/समूह अपने अमूल्य सुझाव व आपत्तियों से पंचायत को अवगत करा सकें।

समस्त नगर वासियों व प्रभावित व्यक्तियों/समूह से आपेक्षा है कि प्रकाशन दिनांक से 30 दिन के अन्दर अपने सुझाव व आपत्तियां नगर पंचायत कार्यालय में प्राप्त करायें जिससे उन पर विचारोपरान्त समुचित निर्णय किया जा सके। समयावधि के पश्चात् कोई भी आपत्ति स्वीकार नहीं की जायेगी, के अधीन दैनिक समाचार-पत्र ''दैनिक जागरण'' व ''अमर उजाला'' में दिनांक 10 मार्च, 2018 में प्रकाशित कर आपत्तियां व सुझाव आमंत्रित किये गये थे। परन्तु निर्धारित अवधि के अन्दर कोई आपत्ति एवं सुझाव इस कार्यालय को प्राप्त नहीं हुये। मा0 बोर्ड के प्रस्ताव को सर्वसम्मति से अग्रेत्तर कार्यवाही हेतु अध्यक्ष एवं अधिशासी अधिकारी को अधिकृत करते हुए स्वीकृति प्रदान किया गया है।

अतएव विनियमावली नगरपालिका अधिनियम, 1916 की धारा 298 के आपेक्षानुसार सरकारी गजट में सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित की जा रही है जो प्रकाशन तिथि से प्रभावी मानी जायेगी।

''विविधकर (शुल्क) उपविधि नियमावली, 2019''

1–**संक्षिप्त नाम**–यह उपविधि नगर पंचायत, अन्तू, प्रतापगढ़ लाइसेंसिंग शुल्क उपविधि, 2017 कहलायेगी।

2–**परिभाषा**–जब तक विषय या प्रसंग में कोई प्रतिकूल बात न हो इस नियमावली में–

(क) ''अधिनियम'' का तात्पर्य नगरपालिका अधिनियम, 1916 की धारा 298 से है।

(ख) ''नगर'' का तात्पर्य नगर पंचायत, अन्तू, जनपद प्रतापगढ़ से है।

(ग) ''अध्यक्ष'' का तात्पर्य नगर पंचायत, अन्तू के अध्यक्ष से है।

(घ) ''अधिशासी अधिकारी'' का तात्पर्य नगर पंचायत, अन्तू, जनपद प्रतापगढ़ के अधिशासी अधिकारी से है।

(ङ) ''शुल्क'' का तात्पर्य नगर पंचायत, अन्तू, जनपद प्रतापगढ़ सीमान्तर्गत दुकानों रोजगारों/मशीन द्वारा चलने वाले रोजगारों/दुकानों पर लाइसेंस फीस/शुल्क से है।

3–इस उपविधि द्वारा नगर पंचायत, अन्तू सीमान्तर्गत व्यवसाय, दुकानों, मशीनों से चलने वाले रोजगारों, परिवहन स्वास्थ्य सेवाओं, होटलों, रेस्टोरेंट, पेट्रोलियम, ईंट भठ्ठा आदि पर लाइसेंस फीस/शुल्क कर रोपित किया जाता है।

4–किसी भी लाइसेंस शुल्क जमा करने की तिथि 01 अप्रैल से 31 मार्च तक एक वर्ष के लिये होगा।

5–इस उपविधि के अन्तर्गत कोई व्यक्ति जो इसके अन्तर्गत आते हैं बिना शुल्क जमा किये दुकान नहीं चला सकेंगे तथा पूर्व में चल रही दुकानों/व्यवसायों/मशीनरी, भट्ठा आदि को भी निर्धारित शुल्क जमा करना होगा।

6–कोई भी व्यक्ति इस उपविधि के अन्तर्गत निर्धारित शुल्क को जमा करने के उपरान्त ही दुकान/व्यवसाय चला सकेगा।

7–केन्द्र या राज्य सरकार या अन्य कोई विधि विहित संस्था के द्वारा तालिका में उल्लिखित व्यवसायों के नियन्त्रण हेतु लाइसेंस से भिन्न होगा किन्तु प्रत्येक व्यवसायी/दुकानदारों व अन्य के लिए यह आवश्यक होगा कि वह राज्य सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त/बाटों/मापों का ही प्रयोग करेगा।

8–ऐसा कोई भी व्यक्ति जो किसी छूत की बीमारी से पीड़ित है तालिका में वर्णित व्यवसाय नहीं करेगा और न ही किसी ऐसे सहायक/नौकर को रखेगा।

9–यह उपविधि नगर पंचायत की सीमावृद्धि किये जाने के पश्चात् बढ़ी हुई परिधि में भी आने वाले दुकानों व व्यवसायों पर भी लागू होंगी।

10–यह उपविधि मशीनों में सभी मिलें और मशीने जो आटा पीसने, धान कूटने, खराद करने, रूई धुनने, तक्का बनाने, तेल पेरने, लकड़ी चीरने, छेद करने, अन्य सामान बनाने की ऐसी मशीनें जो बिजली, तेल, पेट्रोलियम या किसी कलपुर्जे से चलाया जाये तथा जानवरों की मदद से चलाया जाये शामिल है, किन्तु हाथ से चालाई जाने वाली मशीनें इसमे शामिल नहीं होंगे।

11–कोई भी व्यक्ति उक्त कार्य के लिए इमारत नहीं बनायेगा या बनी हुई इमारत में परिवर्तन नहीं करेगा तथा उसको फैक्ट्री के उपयोग योग्य नहीं बनायेगा जब तक निम्न शर्तों के अधीन लाइसेंस प्राप्त न कर ले।

12–जिस इमारत से मिल बनाई जाये वह पक्की या मजबूत बनी हो कि मशीन चलने की ताकत से पैदा होने वाली धमक/घरघराहट सहन कर सके। ऐसी इमारत किसी निवास स्थान में पैदा होने वाली इमारत से जुडी न हो, किसी घनी आबादी वाले इलाके में इस प्रकार की कोई मिल नहीं बनाई जायेगी अथवा जो मशीन बिजली भाप, तेल या पेट्रोलियम इन्जन से चलती हो नहीं बनाई जायेगी।

13–ऐसी मशनी सार्वजनिक शौचालय से 30 मीटर के अन्दर या किसी ऐसे स्थान जहां कोई भी काम किया जाता हो जिसकी धूल या जहरीली या खतरनाक गैसे उठती हो चलित मोटर अन्दर नहीं होगी जब तक कि नगर पंचायत के लाइसेंस अधिकारी के आदेशानुसार ऐसा प्रबन्ध न कर दिया हो जिसके द्वारा मशीन पैदावार मिश्रित होने से बचाया जा सके।

14–मिल अथवा स्टोर रूम से 06 मीटर की दूरी के अन्दर कोई शौचालय नहीं होना चाहिये।

15–इमारत का फर्श सीमेन्टेड होना चाहिए तथा दीवारों पर कम से कम दो मीटर तक सीमेन्ट का प्लास्टर होना आवश्यक होगा।

16–एक व्यक्ति जो कार्य कर रहा हो सात वर्गमीटर स्थान तथा 8-1 घनमीटर तक जगह कार्य करने के लिए होनी चाहिये।

17–हर 13 वर्गमीटर फासले के लिए 0.9 वर्गमीटर की खिड़की होनी चाहिए जहां चिमनी आवश्यक हो उसकी ऊंचाई लाइसेंस अधिकारी निश्चित करेंगे, परन्तु वह हर हालात में उस इमारत से जो की तीस मीटर के अन्दर हो 4.5 मीटर होनी चाहिये।

18–ऐसी इमारत लाइसेंस अधिकारी के अनुसार साफ रोशनी हवादार नालेदार और मरम्मत के हालात में रखी जाये।

19–कोई मिल आपना अनाज खुद पीसता हो उसके पीसने के पहले अनाज के कंकड़, कूड़ा, गंदगी आदि साफ करके पीसा जाये।

20–कोई मिल/मशीन प्रयोग में न लाई जाये जिसके लाइसेंस में न लिखा हो।

21–चक्की का पाट सख्त पत्थर से बना हो तथा चक्की के पाट के चारो तरफ खुली जगह होना चाहिये जिससे आसानी से सफाई किया जा सके।

22–ग्राहको को खड़ा होने हेतु एक गैलरी बनाई जाये जहां पर वह अपने माल को पीसते, पेरते व घूमते हुए देख सके।

23–विशेष परिस्थितियों को छोड़कर कोई मशीन 25 हार्सपावर इंजन से अधिक शक्ति चलने वाली नहीं लगाई जायेगी।

24–जो मशीन/मिल चल रही है/मौजूद है उसको जारी रखने की आज्ञा होगी किन्तु शर्त यह है कि उनके लाइसेंस अधिकारी के निर्देशानुसार परिवर्तन व प्रबन्ध कर दिया जाय।

25–अध्यक्ष, लाइसेंस अधिकारी अथवा उनके द्वारा अधिकृत नगर पंचायत के किसी भी दूसरे अधिकारी को निरीक्षण करने एवं नमूना लेने का अधिकार होगा।

26–संक्रमित व्यक्ति को मिल में नौकर नहीं रखा जा सकेगा।

27–कोई भी भठ्ठा सरकार द्वारा निर्धारित एक किमी0 की दूरी पर ही चलाया जा सकेगा।

28–कोई भी भठ्ठा बाग से निर्धारित एक किमी0 की दूरी पर ही चलाया जा सकेगा।

29–भठ्ठे की चिमनिया प्रदूषण नियंत्रण के अन्तर्गत लक्ष्य के अनुसार ही बनी होनी चाहिये।

30–इस उपविधि के अन्तर्गत जारी लाइसेंस 01 अप्रैल से 31 मार्च तक एक वर्ष के लिए मान्य होंगी जो किसी भी अवस्था में अधिक समय के लिये नहीं दिया जायेगा।

31–लाइसेंस नवीनीकरण हेतु प्रत्येक प्रार्थना-पत्र 15 मार्च तक दिया जायेगा और लाइसेंस 15 अप्रैल तक जारी होगा।

32–लाइसेंस के लिए दिये गये प्रार्थना-पत्र में मिल/मशीन का सम्पूर्ण विवरण स्थान का विस्तृत पता दिया जाये साथ ही यह भी लिखा जायेगा कि किस मसाले की इमारत बनी या बनाई जायेगी।

33–इस उपविधि के प्रयोजनों के लिए नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी लाइसेंस अधिकारी होगा व नगर पंचायत का वरिष्ठ अधिकारी उप लाइसेंस अधिकारी होगा।

34–क–लाइसेंस फीस/शुल्क निम्नानुसार ली जायेगी–

क्र0 सं0	मद का नाम	निर्धारित दरें	
1	2	3	
		रु0 से	रु0 तक
1	साबुन फैक्ट्री	1,500.00	3,000.00
2	ड्राई क्लीनर/कपड़ा धुलाई + प्रेस	1,000.00	2,500.00
3	धुलाई गृह लाण्ड्री	500.00	1,000.00
4	आइसक्रीम फैक्ट्री तथा कोल्ड ड्रिंक सोडा ऐस्टेड वाटर फैक्ट्री	2,500.00	3,000.00
5	गुदड़ गोदाम/कबाड़ की दुकान	1,200.00	2,000.00
6	कंकड़/सुर्खी की भट्ठी	5,000.00	7,500.00
7	चूना की दुकान	500.00	700.00
8	ईट भट्ठा	10,000.00	15,000.00

1	2	3	
		रु0 से	रु0 तक
9	डी0जे0 कम्पनी	3,000.00	5,000.00
10	लाइट एण्ड साउण्ड कम्पनी	3,000.00	5,000.00
11	लोहा एण्ड हार्डवेयर कम्पनी	2,500.00	10,000.00
12	पेठा बनाने की दुकान/कारखाना	1,000.00	2,000.00
13	चप्पल जूता का कारखाना	1,000.00	2,000.00
14	जूता चप्पल की दुकान	1,000.00	1,500.00
15	लोहा व्यापारी, टिम्बर, सीमेन्ट, सरिया, ईंटा, बालू, गिटटी	3,500.00	7,500.00
16	थोक मोरंग मारबल टाइल्स सेनेटरी	5,000.00	10,000.00
17	फुटकर बिजली के समान के विक्रेता	1,500.00	5,000.00
18	स्टेशनरी विक्रेता	500.00	1,000.00
19	चाय नास्ता मिठाई की दुकान	1,500.00	3,000.00
20	गट्टा फैक्ट्री	1,200.00	2,000.00
21	खाल एवं बाल उतारने वाले	1,000.00	2,000.00
22	कैटरिंग	1,000.00	2,000.00
23	बेकरी भट्ठी	1,200.00	3,000.00
24	बेकरी पावर	2,000.00	7,000.00
25	हेयर कटिंग सैलून	500.00	2,000.00
26	ब्यूटी पार्लर	2,000.00	5,000.00
27	मोबाइल की दुकान	2,000.00	8,000.00
28	जनरल मर्चेन्ट फुटकर विक्रेता/किराना	1,000.00	5,000.00
29	फल की दुकान	500.00	1,000.00
30	टेलरिंग हाउस (5 कर्मचारी तक)	2,500.00	3,000.00
31	टेलरिंग हाउस (5 कर्मचारी से अधिक)	4,000.00	5,000.00
32	जनरल मर्चेन्ट थोक बिक्रेता	2,000.00	5,000.00
33	कुकिंग गैस एजेन्सी	12,000.00	18,000.00
34	टेलरिंग निजी चलित	1,500.00	2,000.00
35	कपड़ा थोक बिक्रेता व्यापारी	1,000.00	5,000.00
36	फुटकर कपड़े की दुकान	1,000.00	2,500.00
37	कोयला थोक विक्रेता	5,000.00	7,000.00
38	फुटकर दवा की दुकान	2,000.00	3,000.00
39	दवा की दुकान थोक बिक्रेता	5,000.00	10,000.00
40	रेडीमेड गार्मेन्ट	2,000.00	5,000.00
41	पान की दुकान	500.00	1,000.00
42	टेण्ट हाउस	1,000.00	2,000.00
43	बर्तन की दुकान	500.00	1,000.00
44	भूसी चोकर की दुकान	500.00	1,000.00
45	ट्रांसफार्मर मरम्मत प्राइवेट बडी मोटर	5,000.00	10,000.00

1	2	3	
		रु0 से	रु0 तक
46	छोटी मोटर मशीनरी मरम्मत प्राइवेट	2,000.00	5,000.00
47	जनरेटर किराये पर चलाये जाने पर	1,000.00	2,000.00
48	सब्जी की दुकान	500.00	1,000.00
49	गल्ला, अनाज की दुकान थोक	5,000.00	10,000.00
50	गल्ला अनाज फुटकर विक्रेता	2,000.00	3,000.00
51	बकरा मांस की दुकान	600.00	1,000.00
52	मुर्गा मांस की दुकान	600.00	1,000.00
53	मछली मांस की दुकान	600.00	1,000.00
54	बार/वियर	6,000.00	—
55	आइस फैक्ट्री	100.00	—
56	देशी शराब (प्रति दुकान)	6,000.00	—
57	विदेशी शराब (प्रति दुकान)	12,000.00	—
58	पशुबाधा (स्लॉटर हाउस)	10.00 प्रति पशु	—
59	फाइनेंस कम्पनी चिट फंड	6,000.00	—
60	फाउन्डिंग इंजिनियरिंग इंडस्ट्रियल	1,200.00	—
61	हड्डी खाल गोदाम	1,000.00	—
62	बिल्डर्स (रजिस्टर्ड)	5,000.00	—
63	इन्श्योरेंस कम्पनी प्रति शाखा	12,000.00	—
64	फर्नीचर की दुकान (शो रूम)	5,000.00	—
65	क्राकरी बिक्रेता	500.00	2,500.00
66	मसाले थेक विक्रेता	5,000.00	—
67	मसाले फूटकर विक्रेता	2,000.00	—
68	चूडी विक्रेता	100.00	500.00
69	ड्राई फ्रूट विक्रेता (थोक विक्रेता)	1,200.00	—
70	ड्राई फ्रूट विक्रेता फुटकर	600.00	—
71	न्यूज पेपर	500.00	—
72	किताबो की थोक दुकान	1,000.00	—
73	किताबो की फुटकर दुकान	500.00	—
74	चाट/बताशा की दुकान	250.00	1,000.00
75	प्लास्टिक ट्रेडर्स	600.00	1,200.00
76	प्लास्टिक फैक्ट्री	6,000.00	—
77	रेडियो/मकैनिक/टी0बी0 मरम्मत	1,000.00	—
78	टी0बी0 शाप/इलेक्ट्रिकल्स वस्तुयें	3,600.00	—
79	आडियों/बीडियों लाइब्रेरी	1,000.00	—
80	केबिल टी0बी0	1,200.00	—
81	आक्रीटक्ट कन्सलटेंट विधि चार्टेड एकाउन्टेट फास्ट एकाउन्टेन्ट	6,000.00	—
82	डेयरी फार्म	1,000.00	—

1	2	3	
		रु0 से	रु0 तक
83	भूसा थोक विक्रेता	1,000.00	—
84	भूसा फूटकर विक्रेता	500.00	—
85	फुटकर बिजली के सामान के विक्रेता	500.00	5,000.00
86	विज्ञापन एजेन्सी	12,000.00	—
87	फट्रिलाइजर शाप	1,200.00	—
	होटल/रेस्टोरेन्ट		
1	होटल लांजिग/गेस्ट हाउस 10 शैय्या	1,000.00	2,000.00
2	होटल लांजिग/गेस्ट हाउस 11 से 20 शैय्या	3,000.00	5,000.00
3	साधारण होटल/गेस्ट हाउस	2,000.00	2,500.00
4	एक सितारा होटल अथवा बिना सितारा 20 शैय्या से ऊपर तथा 30 शैय्या तक	6,000.00	7,000.00
5	31 से 40 शैय्या तक	7,000.00	8,000.00
6	41 से 50 शैय्या तक	8,000.00	9,000.00
7	50 शैय्या के ऊपर	9,000.00	10,000.00
8	तीन सितारा होटल	9,000.00	10,000.00
9	रेस्टोरेण्ट/ढाबा	1,000.00	2,000.00
10	5 सितारा होटल	12,000.00	15,000.00
	नसिंग होम		
1	नर्सिंग होम 20 बेड तक	2,000.00	5,000.00
2	नर्सिंग होम 20 बेड के ऊपर रु0 250.00 प्रति बेड	5,000.00	7,000.00
3	प्रसूति गृह 20 बेड तक	2,000.00	3,000.00
4	प्रसूति गृह 20 बेड के ऊपर	5,000.00	7,000.00
5	प्राइवेट अस्पताल	5,000.00	10,000.00
6	पैथोलॉजी सेन्टर	2,000.00	3,000.00
7	एक्स-रे क्लीनिक	2,000.00	3,000.00
8	डेण्टल क्लीनिक	2,000.00	3,000.00
9	प्राइवेट क्लीनिक छोटी डिस्पेंसरी	2,000.00	3,000.00
10	चॉदसी दवाखाना/युनानी/आयुर्वेदिक क्लीनिक	1,000.00	2,000.00
	पेट्रोलियम		
1	दुकान मिट्टी का तेल 100 गैलन तक	200.00	500.00
2	दुकान मिट्टी का तेल 300 गैलन तक	600.00	700.00
3	दुकान मिट्टी का तेल 500 गैलन या अधिक	1,000.00	1,500.00
4	पेट्रोल पम्प/डीजल पम्प फुटकर	3,000.00	5,000.00
5	पेट्रोल पम्प/डीजल पम्प थोक आयल कम्पनी	6,000.00	7,000.00
6	जनरेटर/डीजल इंजन की दुकान	1,500.00	5,000.00
7	दुकान अन्य पेट्रोलियम उत्पाद/ब्रिकी	1,200.00	3,000.00

1	2	3	
		रु0 से	रु0 तक
	मिल/मशीनरी		
1	धान मिल	2,000.00	3,000.00
2	तेल मिल	1,000.00	2,000.00
3	दाल मिल	1,000.00	2,000.00
4	कोल्ड स्टोरेज	1,500.00	2,500.00
5	आइस फैक्ट्री	500.00	1,000.00
6	खराद मशीन	1,500.00	2,000.00
7	आटा मशीन/चक्की	300.00	500.00
8	स्पेलर	300.00	500.00
9	धान छोटी मशीन	200.00	300.00
10	रूई धुनाई मशीन	100.00	200.00
11	आइस कैण्डी	300.00	500.00
12	अन्य मशीन	200.00	300.00
	परिवहन		
1	ट्रांसपोर्ट (बिना वाहन एजेन्सी के)	3,600.00	4,000.00
2	ट्रांसपोर्ट (ऐजेन्सी वाहन सहित)	7,200.00	8,000.00
3	आटों रिक्शा (2 सीटर)	360.00	—
4	आटो रिक्शा (7 सीटर)	1,000.00	—
5	आटो रिक्शा (4 सीटर)	6,000.00	—
6	मिनी बस/कार छोटी	1,000.00	—
7	बस बड़ी/कार बड़ी	1,500.00	—
8	तांगा इक्का	250.00	—
9	रिक्शा किराये पर	100.00	—
10	रिक्शा निजि	150.00	—
11	ठेला/ठेली	100.00	—
12	हाथ ठेला	50.00	—
13	बैलगाड़ी, घोडा गाड़ी, भैसा गाड़ी	50.00	—
14	ट्राली रिक्शा	200.00	—
15	अन्य चार पहिया वाहन व्यवासयिक उपयोग हेतु	1,000.00	—
16	मोटर गैरेज मशीनरी वर्कशाप	1,500.00	3,000.00
17	स्कूटर/बाइक गैरेज/रिपेयरिंग वर्कशाप	1,000.00	1,500.00
18	मोटर वाहन एजेन्सी (सेल्स/सर्विस)	5,000.00	10,000.00
19	स्कूटर बाइक एजेन्सी (2 पहिया/3 पहिया)	2,500.00	5,000.00
20	साइकिल की दुकान	500.00	1,000.00
21	साइकिल मरम्मत एवं सर्विस सेन्टर/रिपेयरिंग	200.00	500.00

ख–यदि किसी मशीन/दुकान पर एक से अधिक कार्य किये जाये तो मूल लाइसेंस फीस के अतिरिक्त प्रत्येक कार्य के लिए अलग-अलग फीस/शुल्क लिया जायेगा।

35–डिस्पेन्सरी या मेडिकल सम्बन्धी कोई दुकान नर्सिंग होम आदि चलाने के लिए मान्यता प्राप्त डाक्टर की डिग्री तथा रजिस्ट्रेशन के बिना कोई भी डाक्टर प्रैक्टिस नहीं कर सकेगा/दुकान चला सकेगा।

36–ब्यूटी पार्लर चलाने वाले को किसी मान्यता प्राप्त संस्थान से मान्य ट्रेनिंग प्रमाण-पत्र दिखाना अवाश्यक होगा।

37–इस उपविधि में से किसी भी लाइसेंसधारी द्वारा किसी एक का उल्लंघन होने पर लाइसेंसिंग अधिकारी को लाइसेंस समाप्त करने या निलम्बित करने का अधिकार होगा।

दण्ड

उत्तर प्रदेश नगरपालिका अधिनियम, 1916 की धारा 299 (1) के द्वारा दिये गये अधिकारों का प्रयोग करते हुये इन उपविधियों में से किसी का उल्लंघन करने पर अर्थदण्ड रु0 1,000.00 (एक हजार रु0) तक हो सकता है। यदि निरन्तर जारी रहा तो दोष सिद्ध होने पर अपराधी यदि अपराध जारी रखता है तो रु0 25.00 (पच्चीस रु0) प्रतिदिन के हिसाब से दण्ड दिया जायेगा।

ह0 (अस्पष्ट),
अधिशासी अधिकारी,
नगर पंचायत, अन्तू,
प्रतापगढ़।

कार्यालय, नगर पंचायत, अन्तू, प्रतापगढ़

23 जनवरी, 2019 ई0

सं0 08/न0प0अन्तू प्रतापगढ़-2018-19–उ0प्र0 नगरपालिका अधिनियम, 1916 की धारा 298 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए नगर पंचायत, अन्तू, प्रतापगढ़ द्वारा नगर एवं नागरिक हितों को ध्यान में रखते हुए अपने सीमान्तर्गत ''विविधकर (शुल्क) उपविधि नियमावली, 2019'' तैयार किया गया है। जिसका प्रकाशन इस आशय से किया जा रहा है कि नगरवासियों व प्रभावित व्यक्ति/समूह अपने अमूल्य सुझाव व आपत्तियों से पंचायत को अवगत करा सकें।

समस्त नगरवासियों व प्रभावित व्यक्तियों/समूह से आपेक्षा है कि प्रकाशन दिनांक से 30 दिन के अन्दर अपने सुझाव व आपत्तियां नगर पंचायत कार्यालय में प्राप्त करायें जिससे उन पर विचारोपरान्त समुचित निर्णय किया जा सके। समयावधि के पश्चात् कोई भी आपत्ति स्वीकार नहीं की जायेगी, के अधीन दैनिक समाचार-पत्र ''दैनिक जागरण'' व ''अमर उजाला'' में दिनांक 31 जनवरी, 2019 में प्रकाशित कर आपत्तियां व सुझाव आमंत्रित किये गये थे। परन्तु निर्धारित अवधि के अन्दर कोई आपत्ति एवं सुझाव इस कार्यालय को प्राप्त नहीं हुये। मा0 बोर्ड के प्रस्ताव को सर्वसम्मति से अग्रेत्तर कार्यवाही हेतु अध्यक्ष एवं अधिशासी अधिकारी को अधिकृत करते हुए स्वीकृति प्रदान किया गया है।

अतएव, विनियमावली नगरपालिका अधिनियम, 1916 की धारा 298 के अपेक्षानुसार सरकारी गजट में सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित की जा रही है जो प्रकाशन तिथि से प्रभावी मानी जायेगी।

''विविधकर (शुल्क) उपविधि नियमावली, 2019''

1–**संक्षिप्त नाम**–यह उपविधि नगर पंचायत, अन्तू, प्रतापगढ़ दण्ड शुल्क उपविधि, 2019 कहलायेगी।

2–**परिभाषा**–जब तक विषय या प्रसंग में कोई प्रतिकूल बात न हो इस नियमावली में–

(क) ''अधिनियम'' का तात्पर्य नगरपालिका अधिनियम, 1916 की धारा 298 से है।

(ख) ''नगर'' का तात्पर्य नगर पंचायत, अन्तू, जनपद प्रतापगढ़ से है।

(ग) ''अध्यक्ष'' का तात्पर्य नगर पंचायत, अन्तू के अध्यक्ष से है।

(घ) ''अधिशासी अधिकारी'' का तात्पर्य नगर पंचायत, अन्तू, जनपद प्रतापगढ़ के अधिशासी अधिकारी से है।

(ङ) ''शुल्क'' का तात्पर्य नगर पंचायत, अन्तू, जनपद प्रतापगढ़ सीमान्तर्गत दुकानों, रोजगारों/मशीन द्वारा चलने वाले रोजगारों/दुकानों पर लाइसेंस फीस/शुल्क से है।

3–इस उपविधि द्वारा नगर पंचायत, अन्तू, सीमान्तर्गत सार्वजनिक स्थलों पर कूडा फेंकने/फैलाने, खुले में शौच जाने, सार्वजनिक मार्गों पर अवरोध उत्पन्न करना सार्वजनिक सम्पत्ति पर अतिक्रमण करना आदि पर दण्ड/फीस शुल्क कर रोपित किया जाता है।

4–इस उपविधि के अन्तर्गत कोई व्यक्ति अथवा दुकानदार जो इसके अन्तर्गत आते हैं यदि सार्वजनिक स्थलों पर कूड़ा फेंकने/फैलाने, खुले में शौच जाने, सार्वजनिक मार्गों पर अवरोध उत्पन्न करना, सार्वजनिक सम्पत्ति पर अतिक्रमण करना आदि के दोषी पाये जाने पर दण्ड शुल्क जमा किया जायेगा।

5–केन्द्र या राज्य सरकार या अन्य कोई विधि विहित संस्था के द्वारा तालिका में उल्लिखित कार्यों के नियन्त्रण हेतु दण्ड से भिन्न होगा किन्तु प्रत्येक व्यक्ति/दुकानदारों व अन्य के लिए यह आवश्यक होगा कि वह उपविधि में उल्लिखित कार्यों से बचें।

6–यह उपविधि नगर पंचायत की सीमावृद्धि किये जाने के पश्चात् बढ़ी हुई परिधि में भी आने वाले दुकानों व व्यवसायों पर भी लागू होगी।

7–कोई भी व्यक्ति कोई निमार्ण कार्य करने से पूर्व कार्यालय में इस बात कि पुष्टि करेगा कि निर्माण के दौरान उत्पन्न मलबा सही रूप से निस्तारण करेगा व उत्पन्न मलबा से किसी प्रकार का सार्वजनिक अवरोध उत्पन्न नहीं होगा।

8–नगर पंचायत, अन्तू सीमान्तर्गत स्थित समस्त दुकानदारों को अपने प्रतिष्ठान पर कूड़ेदान रखना अनिवार्य होगा।

9–अध्यक्ष, अधिशासी अधिकारी, लिपिक अथवा उनके द्वारा अधिकृत नगर पंचायत के किसी भी दूसरे अधिकारी को निरीक्षण करने एवं दण्ड शुल्क लेने का अधिकार होगा।

10–नगर पंचायत अन्तू सीमान्तर्गत कोई भी व्यक्ति अथवा दुकानदार कूड़े में आग नहीं लगायेगा।

11–इस उपविधि के प्रयोजनों के लिए नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी दण्ड शुल्क अधिकारी होगा व नगर पंचायत का वरिष्ठ अधिकारी उप दण्ड शुल्क अधिकारी होगा।

12–क–दण्ड शुल्क निम्नानुसार ली जायेगी :

क्र0 सं0	मद का नाम	निर्धारित दरें	
		प्रथम बार	द्वितीय व अधिक
		रु0	रु0
1	नालियों मे कूड़ा डालना	50.00	200.00
2	सडकों पर कूड़ा डालना	50.00	200.00
3	तालबों में कूड़ा डालना	100.00	500.00
4	कूड़ेदान का प्रयोग न करने पर	50.00	100.00
5	दुकानों में कूड़ेदान न रखने पर	100.00	500.00
6	मोटर गाड़ियों पर ढुलाई के दौरान सड़कों पर मलबा गिराने पर	100.00	500.00
7	मकान निर्माण के दौरान सड़कों पर निर्माण सामग्री एकत्रित करना	500.00	700.00
8	खुले में शौच	100.00	500.00

ख–यदि किसी मशीन/दुकान पर एक से अधिक कार्य किये जायें तो मूल दण्ड फीस के अतिरिक्त प्रत्येक कार्य के लिए अलग-अलग फीस/शुल्क लिया जायेगा।

दण्ड

उत्तर प्रदेश नगरपालिका अधिनियम, 1916 की धारा 299 (1) के द्वारा दिये गये अधिकारों का प्रयोग करते हुये इन उपविधियों में से किसी व्यक्ति अथवा दुकानदार द्वारा यदि इस उपविधि का बार-बार उल्लंघन करने पर अर्थदण्ड रु0 1,000.00 (एक हजार रु0) तक हो सकता है।

ह0 (अस्पष्ट),
अधिशासी अधिकारी,
नगर पंचायत, अन्तू,
प्रतापगढ़।

कार्यालय, नगर पंचायत, अन्तू, प्रतापगढ़

21 अक्टूबर, 2020 ई0

सं0 242/न0प0अन्तू प्रतापगढ़-2018-19—उ0प्र0 नगरपालिका अधिनियम, 1916 की धारा 298 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए नगर पंचायत, अन्तू, प्रतापगढ़ द्वारा नगर एवं नागरिक हितों को ध्यान में रखते हुए अपने सीमान्तर्गत ''विविधकर (शुल्क) उपविधि नियमावली, 2019'' तैयार किया गया है। जिसका प्रकाशन इस आशय से किया जा रहा है कि नगरवासियों व प्रभावित व्यक्ति/समूह अपने अमूल्य सुझाव व आपत्तियों से पंचायत को अवगत करा सकें।

समस्त नगरवासियों व प्रभावित व्यक्तियों/समूह से अपेक्षा है कि प्रकाशन दिनांक से 30 दिन के अन्दर अपने सुझाव व आपत्तियां नगर पंचायत कार्यालय में प्राप्त करायें जिससे उन पर विचारोपरान्त समुचित निर्णय किया जा सके। समयावधि के पश्चात् कोई भी आपत्ति स्वीकार नहीं की जायेगी, के अधीन दैनिक समाचार-पत्र ''दैनिक लोकमित्र' व ''अमित मेल'' में दिनांक 22 जनवरी, 2020 में प्रकाशित कर आपत्तियां व सुझाव आमंत्रित किये गये थे। परन्तु निर्धारित अवधि के अन्दर कोई आपत्ति एवं सुझाव इस कार्यालय को प्राप्त नहीं हुये। मा0 बोर्ड के प्रस्ताव को सर्वसम्मति से अग्रेत्तर कार्यवाही हेतु अध्यक्ष एवं अधिशासी अधिकारी को अधिकृत करते हुए स्वीकृति प्रदान किया गया है।

अतएव, विनियमावली नगरपालिका अधिनियम, 1916 की धारा 298 के अपेक्षानुसार सरकारी गजट में सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित की जा रही है जो प्रकाशन तिथि से प्रभावी मानी जायेगी।

''विविधकर (शुल्क) उपविधि नियमावली, 2019''

1—**संक्षिप्त नाम**—यह उपविधि नगर पंचायत, अन्तू, प्रतापगढ़ दण्ड शुल्क उपविधि, 2018 कहलायेगी।

2—**परिभाषा**—जब तक विषय या प्रसंग में कोई प्रतिकूल बात न हो इस नियमावली में—

(क) ''अधिनियम'' का तात्पर्य नगरपालिका अधिनियम, 1916 की धारा 298 से है।

(ख) ''नगर'' का तात्पर्य नगर पंचायत, अन्तू, जनपद प्रतापगढ़ से है।

(ग) ''अध्यक्ष'' का तात्पर्य नगर पंचायत, अन्तू के अध्यक्ष से है।

(घ) ''अधिशासी अधिकारी'' का तात्पर्य नगर पंचायत, अन्तू, जनपद प्रतापगढ़ के अधिशासी अधिकारी से है।

(ङ) ''शुल्क'' का तात्पर्य नगर पंचायत, अन्तू, जनपद प्रतापगढ़ सीमान्तर्गत दुकानों, रोजगारों/मशीन द्वारा चलने वाले रोजगारों/दुकानों पर लाइसेंस फीस/शुल्क से है।

3—इस उपविधि द्वारा नगर पंचायत, अन्तू, सीमान्तर्गत सार्वजनिक स्थलों पर कूड़ा फेंकने/फैलाने, खुले में शौच जाने, सार्वजनिक मार्गों पर अवरोध उत्पन्न करना सार्वजनिक सम्पत्ति पर अतिक्रमण करना आदि पर दण्ड/फीस शुल्क कर रोपित किया जाता है।

4—इस उपविधि के अन्तर्गत कोई व्यक्ति अथवा दुकानदार जो इसके अन्तर्गत आते हैं यदि सार्वजनिक स्थलों पर कूड़ा फेंकने/फैलाने, खुले में शौच जाने, सार्वजनिक मार्गों पर अवरोध उत्पन्न करना सार्वजनिक सम्पत्ति पर अतिक्रमण करना आदि के दोषी पाये जाने पर दण्ड शुल्क जमा किया जायेगा।

5–केन्द्र या राज्य सरकार या अन्य कोई विधि विहित संस्था के द्वारा तालिका में उल्लिखित कार्यों के नियन्त्रण हेतु दण्ड से भिन्न होगा, किन्तु प्रत्येक व्यक्ति/दुकानदारों व अन्य के लिए यह आवश्यक होगा कि वह उपविधि में उल्लिखित कार्यों से बचें।

6–यह उपविधि नगर पंचायत की सीमावृद्धि किये जाने के पश्चात् बढ़ी हुई परिधि में भी आने वाले दुकानों व व्यवसायों एवं व्यक्तियों पर भी लागू होगी।

7–कोई भी व्यक्ति कोई निमार्ण कार्य करने से पूर्व कार्यालय में इस बात कि पुष्टि करेगा कि निर्माण के दौरान उत्पन्न मलबा सही रूप से निस्तारण करेगा व उत्पन्न मलबा से किसी प्रकार का सार्वजनिक अवरोध उत्पन्न नहीं होगा।

8–नगर पंचायत, अन्तू सीमान्तर्गत स्थित समस्त दुकानदारों को अपने प्रतिष्ठान पर कूड़ेदान रखना अनिवार्य होगा।

9–अध्यक्ष, अधिशासी अधिकारी, लिपिक अथवा उनके द्वारा अधिकृत नगर पंचायत के किसी भी दूसरे अधिकारी को निरीक्षण करने एवं दण्ड शुल्क लेने का अधिकार होगा।

10–नगर पंचायत, अन्तू, सीमान्तर्गत कोई भी व्यक्ति अथवा दुकानदार कूड़े में आग नहीं लगायेगा।

11–इस उपविधि के प्रयोजनों के लिए नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी दण्ड शुल्क अधिकारी होगा व नगर पंचायत का वरिष्ठ अधिकारी उप दण्ड शुल्क अधिकारी होगा।

12–क–दण्ड शुल्क निम्नानुसार ली जायेगी–

क्र0सं0	मद का नाम	निर्धारित दरें	
		प्रथम बार	द्वितीय व अधिक
1	खुले में पेशाब करने पर	रु0 50.00	रु0 200.00

ख–यदि किसी मशीन/दुकान पर एक से अधिक कार्य किये जायें तो मूल दण्ड फीस के अतिरिक्त प्रत्येक कार्य के लिए अलग-अलग फीस/शुल्क लिया जायेगा।

दण्ड

उत्तर प्रदेश नगरपालिका अधिनियम, 1916 की धारा 299 (1) के द्वारा दिये गये अधिकारों का प्रयोग करते हुये इन उपविधियों में से किसी व्यक्ति अथवा दुकानदार द्वारा यदि इस उपविधि का बार-बार उल्लंघन करने पर अर्थदण्ड रु0 1,000.00 (एक हजार रु0) तक हो सकता है।

ह0 (अस्पष्ट),
अधिशासी अधिकारी,
नगर पंचायत, अन्तू,
प्रतापगढ़।

कार्यालय, नगर पंचायत, अन्तू, प्रतापगढ़

23 जनवरी, 2019 ई0

सं0 08/न0प0अन्तू प्रतापगढ़-2018-19–उ0प्र0 नगरपालिका अधिनियम, 1916 की धारा 298 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए नगर पंचायत, अन्तू, प्रतापगढ़ द्वारा नगर एवं नागरिक हितों को ध्यान में रखते हुये अपने सीमान्तर्गत ''विविधकर (शुल्क) उपविधि नियमावली, 2019'' तैयार किया गया है। जिसका प्रकाशन इस आशय से किया जा रहा है कि नगरवासियों व प्रभावित व्यक्ति/समूह अपने अमूल्य सुझाव व आपत्तियों से पंचायत को अवगत करा सकें।

समस्त नगरवासियों व प्रभावित व्यक्तियों/समूह से अपेक्षा है कि प्रकाशन दिनांक से 30 दिन के अन्दर अपने सुझाव व आपत्तियां नगर पंचायत कार्यालय में प्राप्त करायें जिससे उन पर विचारोपरान्त समुचित निर्णय किया जा सके। समयावधि के पश्चात् कोई भी आपत्ति स्वीकार नहीं की जायेगी, के अधीन दैनिक समाचार-पत्र ''दैनिक जागरण'' व ''अमर उजाला'' में दिनांक 31 जनवरी, 2019 में प्रकाशित कर आपत्तियां व सुझाव आमंत्रित किये गये थे।

परन्तु निर्धारित अवधि के अन्दर कोई आपत्ति एवं सुझाव इस कार्यालय को प्राप्त नहीं हुये। मा0 बोर्ड के प्रस्ताव को सर्वसम्मति से अग्रेत्तर कार्यवाही हेतु अध्यक्ष एवं अधिशासी अधिकारी को अधिकृत करते हुए स्वीकृति प्रदान किया गया है।

अतएव, विनियमावली नगरपालिका अधिनियम, 1916 की धारा 298 के अपेक्षानुसार सरकारी गजट में सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित की जा रही है जो प्रकाशन तिथि से प्रभावी मानी जायेगी।

''विविधकर (शुल्क) उपविधि नियमावली, 2019''

1–**संक्षिप्त नाम**–यह उपविधि नगर पंचायत, अन्तू, प्रतापगढ़ बैनर, होर्डिंग्स शुल्क उपविधि, 2019 कहलायेगी।

2–**परिभाषा**–जब तक विषय या प्रसंग में कोई प्रतिकूल बात न हो इस नियमावली में–

(क) ''अधिनियम'' का तात्पर्य नगरपालिका अधिनियम, 1916 की धारा 298 से है।

(ख) ''नगर'' का तात्पर्य नगर पंचायत, अन्तू, जनपद प्रतापगढ़ से है।

(ग) ''अध्यक्ष'' का तात्पर्य नगर पंचायत, अन्तू के अध्यक्ष से है।

(घ) ''अधिशासी अधिकारी'' का तात्पर्य नगर पंचायत, अन्तू, जनपद प्रतापगढ़ के अधिशासी अधिकारी से है।

(ङ) ''शुल्क'' का तात्पर्य नगर पंचायत, अन्तू, जनपद प्रतापगढ़ सीमान्तर्गत दुकानों रोजगारों/मशीन द्वारा चलने वाले रोजगारों/दुकानों पर लाइसेंस फीस/शुल्क से है।

3–इस उपविधि द्वारा नगर पंचायत, अन्तू, सीमान्तर्गत सार्वजनिक स्थलों पर, बैनर होर्डिंग्स आदि लगवाये जाने पर अधिरोपित किया जायेगा।

4–इस उपविधि के अन्तर्गत कोई व्यक्ति अथवा दुकानदार संस्था अथवा अन्य जो इसके अन्तर्गत आते हैं यदि सार्वजनिक स्थलों पर बैनर होर्डिंग्स लगावाये जाने पर शुल्क जमा किया जायेगा।

5–केन्द्र या राज्य सरकार या अन्य कोई विधि विहित संस्था के द्वारा तालिका में उल्लिखित कार्यों के नियन्त्रण हेतु दण्ड से भिन्न होगा किन्तु प्रत्येक व्यक्ति/दुकानदारों व अन्य के लिए यह आवश्यक होगा कि वह उपविधि में उल्लिखित कार्यों को करने से पूर्व नगर पंचायत, अन्तू से अनुमति प्राप्त करे।

6–यह उपविधि नगर पंचायत की सीमावृद्धि किये जाने के पश्चात् बढ़ी हुई परिधि में भी आने वाले व्यक्तियों, दुकानों व व्यवसायों पर भी लागू होगी।

7–अध्यक्ष, अधिशासी अधिकारी, लिपिक अथवा उनके द्वारा अधिकृत नगर पंचायत के किसी भी दूसरे अधिकारी को निरीक्षण करने एवं अवैध होर्डिंग्स हटवाने का अधिकार होगा।

8–इस उपविधि के प्रयोजनों के लिए नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी दण्ड शुल्क अधिकारी होगा व नगर पंचायत का वरिष्ठ अधिकारी उप दण्ड शुल्क अधिकारी होगा।

9–क–दण्ड शुल्क निम्नानुसार ली जायेगी :

क्र0सं0	मद का नाम	निर्धारित दरें प्रथम बार
1	4 × 6 के होर्डिंग्स 15 दिवस हेतु	रु0 300.00
2	4 × 6 के होर्डिंग्स 15 दिवस हेतु	रु0 500.00
3	6 × 8 के होर्डिंग्स 15 दिवस हेतु	रु0 450.00

क्र0सं0	मद का नाम	निर्धारित दरें प्रथम बार
4	6 × 8 के होर्डिंग्स 15 दिवस हेतु	रु0 650.00
5	उपरोक्त से अधिक लम्बाई चौड़ाई के बैनर होर्डिंग्स 15 दिवस हेतु	रु0 550.00
6	उपरोक्त से अधिक लम्बाई चौड़ाई के बैनर होर्डिंग्स 30 दिवस हेतु	रु0 750.00

ख–यदि किसी मशीन/दुकान पर एक से अधिक कार्य किये जायें तो मूल दण्ड फीस के अतिरिक्त प्रत्येक कार्य के लिए अलग-अलग फीस/शुल्क लिया जायेगा।

दण्ड

उत्तर प्रदेश नगरपालिका अधिनियम, 1916 की धारा 299 (1) के द्वारा दिये गये अधिकारों का प्रयोग करते हुये इन उपविधियों में से किसी व्यक्ति अथवा दुकानदार द्वारा यदि इस उपविधि का बार-बार उल्लंघन करने पर अर्थदण्ड रु0 1,000.00 (एक हजार रु0) तक हो सकता है।

ह0 (अस्पष्ट),
अधिशासी अधिकारी,
नगर पंचायत, अन्तू,
प्रतापगढ़।

कार्यालय, नगर पालिका परिषद, बुलन्दशहर

21 सितम्बर, 2020 ई0

सं0 664/सा0वि0/2020-21–उत्तर प्रदेश नगरपालिका अधिनियम, 1916 की धारा 298 सूची के शीर्षक (अ) की उपधारा (2) के अधीन शक्तियों का प्रयोग करके नगरपालिका सीमा के अन्तर्गत लोक सुरक्षा व सुविधा के दृष्टिकोण से इस पालिका की भूमियों पर बस स्टैण्डों के संचालन हेतु शुल्क का निर्धारण, भूमि का रख-रखाव करने तथा पालिका आय में वृद्धि के लिये उपनियम तैयार किये जाने हैं। जिसके लिये पत्र संख्या 1042/एल0बी0सी0, दिनांक 04 मार्च, 2020 से अनुमति प्रदान की गयी है। इस उपविधि को नगरपालिका अधिनियम की धारा 301 के अधीन शक्तियों का प्रयोग करके बनायी जा रही है।

उक्त अधिनियम की धारा 301 की आपेक्षानुसार समस्त सम्बन्धित व्यक्तियों की सूचना के लिये और उसके सम्बन्ध में आपत्तियां तथा सुझाव प्राप्त करने की दृष्टि से प्रकाशित करायी जायेगी। प्रस्तावित उपविधि पर आपत्तियों एवं सुझाव अधिशासी अधिकारी, नगरपालिका परिषद्, बुलन्दशहर को सम्बोधित करके लिखित रूप से प्रेषित किये जायेंगे। केवल उन्हीं आपित्तयों एवं सुझावों पर विचार किया जायेगा, जो इस उपविधि के प्रकाशित होने की दिनांक से 30 दिन के भीतर प्राप्त होते हैं।

(निकाय की भूमियों पर स्थापित बस स्टैण्डों का संचालन हेतु नियमावली, 2020)

1–संक्षिप्त नाम और प्रारम्भ–

(1) यह उपविधि, नगरपालिका परिषद्, बुलन्दशहर बस स्टैण्ड शुल्क एवं वसूली विनिमय उपविधि, 2020 कही जायेगी।

(2) यह नगरपालिका परिषद्, बुलन्दशहर की सीमा में लागू होगी।

(3) यह गजट में प्रकाशित होने की दिनांक से लागू होगी।

2–परिभाषायें–

(1) जब तक विषय या संदर्भ में कोई बात प्रतिकूल न हो, इस नियमावली में–

[क] ''अधिनियम'' का तात्पर्य उत्तर प्रदेश नगर पालिका अधिनियम, 1916 से है।

[ख] ''बस स्टैण्ड'' का तात्पर्य पालिका की भूमि पर संचालित चार दीवारी के अन्दर वाहनों का संचालन कराये जाने से है।

(2) इस उपविधि में प्रयुक्त एवं अपरिभाषित किन्तु अधिनियम में परिभाषित शब्दों और पदों के वही अर्थ होंगे जो अधिनियम में उनके लिये समनुदेशित हों।

3–स्थल चयन–

(1) नगरपालिका परिषद्, बुलन्दशहर के अधीन भूमि पर बस स्टैण्डों का संचालन करने हेतु नगरपालिका द्वारा भूमि का चिन्हिकरण किया जायेगा।

(2) सवारी वाहनों के संचालन हेतु अधिशासी अधिकारी, नगरपालिका परिषद्, बुलन्दशहर की उपस्थिति में किसी समति का गठन किया जायेगा।

4–स्टैण्ड शुल्क की दरें–

(1) (क) नगरपालिका परिषद्, बुलन्दशहर द्वारा स्टैण्ड शुल्क वसूली स्वयं के प्रतिनिधि/कर्मचारियों से करायी जायेगी।

(ख) नगरपालिका द्वारा उक्त शुल्क की वसूली हेतु निविदा आमन्त्रित कर ठेका भी दिया जा सकेगा।

			रु0
[1]	सवारी बस	–	100.00 प्रति दिन
[2]	मिनी बस	–	50.00 प्रति दिन
[3]	बुलोरो, टाटा 407	–	30.00 प्रति दिन
[4]	04 पहिया टैम्पू	–	20.00 प्रति दिन

5–विशेष नियन्त्रण–

(1) अधिशासी अधिकारी, नगरपालिका परिषद्, बुलन्दशहर की राय में अथवा प्रशासन के निर्देशन में नगर में संचालित स्टैण्ड के स्थान से यातायात व्यवस्था पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की आशंका होने पर स्थल को परिवर्तित किया जायेगा।

(2) अधिशासी अधिकारी, नगरपालिका परिषद्, बुलन्दशहर द्वारा नगर की यातायात की व्यवस्था को सुचारू बनाने के लिये स्टैण्डों की स्थापना करेगा।

(3) नगरपालिका परिषद् की भूमि पर संचालित स्टैण्डों का निरीक्षण अधिशासी अधिकारी अथवा उसके प्रतिनिधि द्वारा समय-समय पर किया जायेगा।

(4) नगरपालिका परिषद् के स्थापित स्टैण्ड को क्षति पहुंचाने की स्थिति में क्षति का आंकलन कराकर उसकी वसूली सम्बन्धित क्षति पहुंचाने वाले वाहन स्वामी से की जायेगी।

ह0 (अस्पष्ट),
अध्यक्ष,
नगरपालिका परिषद्,
बुलन्दशहर।

उत्तर प्रदेश आवास एवं विकास परिषद्, लखनऊ

13 नवम्बर, 2019 ई0

सं0 1743/प्रशा0-एक-2007 शासनादेश संख्या–4/2017/1/1/2017-का-2, दिनांक 31 अगस्त, 2017 द्वारा प्रख्यापित उत्तर प्रदेश अवर स्तरीय पदों पर सीधी भर्ती (साक्षात्कार का बंद किया जाना) नियमावली, 2017 को परिषद् में अंगीकृत करने हेतु परिषद् की 248वीं बैठक दिनांक 09 अक्टूबर, 2019 के मद संख्या 248/7 के अन्तर्गत लिये गये निर्णय के अनुपालन में, उत्तर प्रदेश अवर स्तरीय पदों पर सीधी भर्ती (साक्षात्कार का बंद किया जाना) नियमावली, 2017 को उत्तर प्रदेश आवास एवं विकास परिषद् में अंगीकृत किया जाता है। यह नियमावली परिषद् सेवा के सभी संवर्गो में समान रूप से लागू होगी एवं परिषद् द्वारा अब तक प्रख्यापित समस्त सेवा विनियमावलियां उक्त सीमा तक संशोधित समझी जायेगी।

अजय चौहान,
आवास आयुक्त।

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त फर्म मेसर्स रिलायबल पेरोलायसिस पेट्रो इण्डस्ट्रीज, पता-41, मारूतिपुरम, सेक्टर-के, आशियाना, लखनऊ के तीन पार्टनर शपथीगण व विशाल अग्रवाल पुत्र श्री उमेश अग्रवाल, निवासी-41, मारूतिपुरम, सेक्टर-के, आशियाना, लखनऊ थे तथा दिनांक 01 जून, 2020 से उक्त फर्म के प्रथम पार्टनर विशाल अग्रवाल पुत्र श्री उमेश अग्रवाल हट गये हैं अब इनके स्थान पर नये पार्टनर प्रेरणा अग्रवाल सम्मिलित हो गई हैं, और अब से उक्त फर्म में तीन पार्टनर अखिल जैन व विनोद कुमार जैन एवं प्रेरणा अग्रवाल हैं।

अखिल कुमार जैन।

NOTICE

I Mohammad Latif S/o Mohammad Shahbaz, R/o Village-Semara Musthakam, Post-Sakarpar, Police Station Khesraha, Tehsil-Bansi, Distt. Siddharth Nagar have changed my name to Abdul Latif S/o Mohammad Shahbaz for all future purposes.

MOHAMMADLATIF.

सूचना

मैं बराती लाल पुत्र अयोध्या प्रसाद मौर्या, निवासी ग्राम पोस्ट डीह, तहसील सलोन, जिला रायबरेली, उ0प्र0 घोषणा करता हूं कि मेरे सेवा अभिलेखों में मेरा नाम बराती लाल है इसको बराती लाल के स्थान पर बराती

लाल मौर्या करता हूं। भविष्य में बराती लाल मौर्या नाम को ही सही माना समझा और लिखा जाये।

बराती लाल मौर्या।

सूचना

मैं, भरत जी पुत्र स्व0 मुकुंद शरण शुक्ल, निवासी 31, पंडितपुर, नरोइया जिगना, मिर्जापुर, उ0प्र0 घोषणा करता हूं कि मेरे सेवा अभिलेखों में मेरा नाम भरत जी है इसको भरत जी के स्थान पर भरत जी शुक्ल नाम को सही माना, समझा और लिखा जाये।

भरत जी शुक्ल।

सूचना

मैं ओंकार नाथ पुत्र अवध नाथ चौबे, निवासी ग्राम बिठगांव पोस्ट अकछोर, तहसील राबर्टसगंज, सोनभद्र, उ0प्र0 घोषणा करता हूं कि मेरे सेवा अभिलेखों में मेरा नाम ओंकार नाथ है इसको ओंकार नाथ के स्थान पर ओंकार नाथ चौबे करता हूं। भविष्य में ओंकार नाथ चौबे नाम को सही माना, समझा और लिखा जाये।

ओंकार नाथ चौबे।

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि फर्म मे0 फलोरस डेवेलपर्स, आजाद चौक, रूस्तमपुर, जिला गोरखपुर नामक फर्म पंजीकरण सं0 जी–3997 में साझेदारी डीड दिनांक 01 अप्रैल, 2014 से श्री विनोद कुमार, श्री निखिल मृगवानी, श्री संगीता जमुनानी, मुहम्मद जफर खान, मुहम्मद शफकतुल्लाह, मुहम्मद अहमदुल्लाह, मुहम्मद असदुल्लाह, मुहम्मद इबादुल्लाह, मुहम्मद अब्दुल्लाह यूसुफ, मुहम्मद नुसरतुल्लाह वारसी, श्री सैयद मुहम्मद असद, सैयद मुहम्मद अमजद, सैयद मुहम्मद अहद, श्री गिरीश प्रसाद रावत व रूद्र प्रताप सिंह साझेदार थे। साझेदारी डीड दिनांक 16 अगस्त, 2018, 30 जुलाई, 2019, 22 जून, 2020 में फर्म का परिवर्तित पता मे0 फलोरस डेवेलपर्स, प्लाट नं0 177, रूस्तमपुर, निकट आजाद चौक, जिला गोरखपुर किया गया तथा श्री निखिल मृगवानी, श्री संगीता जमुनानी, मुहम्मद जफर खान, मुहम्मद असदुल्लाह, मुहम्मद इबादुल्लाह, मुहम्मद अब्दुल्लाह यूसुफ, सैयद मुहम्मद, अमजद व सैयद मुहम्मद अहद फर्म में साझेदारी से अलग हो गये हैं। दिनांक 11 अक्टूबर, 2018 को मो0 शफकतुल्लाह पुत्र स्व0 मो0 शौकतुल्लाह एवं मुहम्मद नुसरतुल्लाह वारसी की दिनांक 22 फरवरी, 2020 को मृत्यु हो गयी दिनांक 22 जून, 2020 से मोंहम्मद बशारतुल्लाह वारसी, पुत्र श्री नुसरतुल्लाह वारसी, म0नं0 32, बनकटी चक थाना राजघाट, गोरखपुर साझेदार के रूप में शामिल हुये हैं। किसी का कोई लेन-देन बकाया नहीं है। उक्त सूचना दिनांक 24 अगस्त, 2020 को प्रकाशित लोक सूचना के क्रम में संशोधित पढ़ा जाये।

विनोद कुमार/साझेदार,
मे0 फलोरस डेवेलपर्स, आजाद चौक,
रूस्तमपुर, जिला गोरखपुर।

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि पहले मेरा नाम उर्मिला गुप्ता था जो अब बदलकर कंचन गुप्ता पत्नी बलराम गुप्ता हो गया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाये।

कंचन गुप्ता,
पत्नी–श्री बलराम गुप्ता,
207-वी/9 क्यू/1-आर,
ओम प्रकाश सभासद नगर,
कालिन्दीपुरम्, राजरूपपुर,
नं0 593 एच0,
प्रयागराज।

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि फर्म मे0 मां कृषि यंत्र, सोनुघाट, देवरिया नामक फर्म साझेदारी डीड दिनांक 28 जनवरी, 2016, कार्यालय निबंधक देवरिया में पृष्ठ सं0 1 से 30 पर क्रमांक 18 पर रजिस्ट्रीकृत किया गया है। जिसमें डीड दिनांक 28 जनवरी, 2016 से श्री अनूप प्रताप मल्ल व श्री विवेक प्रताप मल्ल पुत्रगण स्व0 योगेश मल्ल, निवासी ग्राम गोपवापार, पो0 गड़ोना, जनपद देवरिया से साझेदार थे। संशोधित साझेदारी डीड दिनांक 01 अप्रैल, 2019 व 10 जुलाई, 2020 से श्री अभय प्रताप मल्ल पुत्र स्व0 योगेश मल्ल, निवासी ग्राम गोपवापार, पो0 गड़ोना, जनपद देवरिया फर्म में साझेदार शामिल हुये हैं। किसी का कोई लेन-देन बकाया नहीं है।

अनूप प्रताप मल्ल,
साझेदार,
मेंं0 मां कृषि यंत्र, सोनुघाट,
देवरिया।

सूचना

सूचित किया जाता है कि मेसर्स श्यामधर इण्टरप्राइजेज, पता एस-9/143, ए-3 ख, हुकुलगंज, वाराणसी पार्टनरशिप फर्म है जिसमें पूर्व में चार पार्टनर थे, 1–रामबहादुर सिंह पुत्र स्व0 चन्द्रमा सिंह, 2–श्यामजी सिंह पुत्र श्री वकील सिंह, 3–छत्रबली सिंह पुत्र श्री वकील सिंह, 4–मालती सिंह पत्नी श्री वकील सिंह सभी का पता एस-9/143, ए-3 ख, हुकुलगंज, वाराणसी है दिनांक 01 अप्रैल, 2019 से फर्म से मालती सिंह पत्नी श्री वकील सिंह हट गयी हैं, एवं रामबहादुर सिंह पुत्र स्व0 चन्द्रमा सिंह के स्थान पर उनके पुत्र सुनील सिंह

पुत्र स्व0 रामबहादुर सिंह सभी का पता एस-9/143, ए-3 ख, हुकुलगंज, वाराणसी को सम्मिलित किया गया है, अब फर्म में 03 ही पार्टनर हैं। 1–श्यामजी सिंह, 2–छत्रबली सिंह, 3–सुनील सिंह।

छत्रबली सिंह,
पार्टनर।

सूचना

मैंने अपना नाम हिना कौसर सिद्दीकी से बदल कर अपना नाम हिना श्रीवास्तव रख लिया है। अब मुझे इसी नाम से जाना व समझा जाये।

हिना श्रीवास्तव पत्नी श्री अंकुर श्रीवास्तव,
दुर्गानगर कालोनी, महेवा पश्चिम, नैनी,
प्रयागराज।

सूचना

यह घोषणा करता हूं, मेरी अंक तालिका हाईस्कूल (एम0पी0 बोर्ड) एवं इण्टरमीडिएट (यू0पी0 बोर्ड) जिसमें मेरे पिता जी एवं स्व0 सरिता पाण्डेय के पति का नाम जगदीश कुमार पाण्डेय अंकित है एवं मेरी माता स्व0 सरिता पाण्डेय सेवारत मृतक कनिष्ठ सहायक के सरकारी अभिलेखों में मेरे पिता व स्व0 सरिता पाण्डेय मेरी मां के पति के नाम जगदीश प्रसाद पाण्डेय नामांकित है एवं मेरे आधार एवं पैन कार्ड में पिता का नाम जगदीश प्रसाद पाण्डेय लिखा है।

आशीष पाण्डेय,
पुत्र स्व0 सरिता पाण्डेय,
एवं जगदीश प्रसाद पाण्डेय,
नि0 ई-4095, सेक्टर-12,
राजाजीपुरम्, लखनऊ।
मो0 9889869670।

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि फर्म मेसर्स होटल गलैक्सी टॉवर एण्ड रेस्टोरेन्ट 189/1 साउथ सिविल लाईन, जिला मुजफ्फरनगर में दिनांक 01 अप्रैल, 2020 की पार्टनरशिप डीड के अनुसार अभय कुमार गुप्ता पुत्र श्री शिवकुमार गुप्ता, निवासी 87, कुन्दन पुरा, जिला मुजफ्फर नगर व शालू गोयल पत्नी विकास गोयल, निवासी 31/52 साउथ सिविल लाईन, जिला मुजफ्फरनगर फर्म से रिटायर हो गये हैं तथा इसी दिनांक को विकास गोयल पुत्र दिनेश गोयल, निवासी 31/52 साउथ सिविल लाईन, जिला मुजफ्फर नगर नये पार्टनर के रूप में शामिल हो गये। वर्तमान में श्री रेवती नंदन श्री अजय कुमार गुप्ता व विकास गोयल पार्टनर रह गये है।

रेवती नंदन।

सूचना

मे0 लोधी इंटरप्राइजेज दीवानपुरा राठ, रजि0 सं0 जे/805, दि0 26 जून, 2001 को पंजीकृत हुई। 10 अक्टूबर, 2005 को भागीरथ, गोरीशंकर अलग हो गये। जिनके स्थान पर जगमोहन और चंद्रवती शामिल हुये। जगमोहन जी का निधन 02 अक्टूबर, 2019 में हुआ उनके स्थान पर शैलेंद्र प्रताप सिंह को साझेदार बनाया जा रहा है। यदि किसी को आपत्ति हो तो फर्म के कार्यालय अथवा कार्यालय सहायक रजिस्ट्रार व फर्म सोसाइटी एवं चिट्स में आपत्ति दर्ज करा सकते हैं। यह सूचना पेपर में प्रकाशित करा दी गयी है जो कि संलग्न है।

शैलेन्द्र।

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेसर्स तोमर एण्ड ब्रदर्स 843ए, मोतीझील कालोनी इटावा-206001 पार्टनरशिप फर्म है जिसमें समय-समय परिवर्तन निम्नवत् होते रहे हैं–

1–पार्टनरशिप डीड दिनांक 01 अप्रैल, 2009 को पार्टनरशिप डीड दिनांक 01 अप्रैल, 2007 को संशोधित किया गया श्री धर्मेन्द्र सिंह तोमर फर्म की साझीदारी से पृथक् हो गये हैं। दिनांक 01 अप्रैल, 2009 को फर्म में कुल 6 साझीदार हैं।

2–पार्टनरशिप डीड दिनांक 01 अप्रैल, 2009 में दिनांक 01 अप्रैल, 2014 को संशोधन किया गया जिसमें धर्मेन्द्र सिंह तोमर को फर्म की साझीदारी में शामिल किया गया। दिनांक 01 अप्रैल, 2014 में फर्म के साझीदारों की संख्या कुल 7 हो गयी है।

3–पार्टनरशिप डीड दिनांक 01 अप्रैल, 2014 में दिनांक 03 जुलाई, 2020 को संशोधन किया गया जिसमें श्री हरिश्चन्द्र सिंह तोमर, गोपीचन्द सिंह तोमर एवं श्री सर्वेश सिंह तोमर फर्म की साझीदारी से स्वेच्छा से रिटायर्ड हो गये हैं। वर्तमान में फर्म के कुल 4 साझीदार हैं।

(1) श्री राजेन्द्र सिंह तोमर उम्र लगभग 66 वर्ष पुत्र श्री थान सिंह तोमर, निवासी 843ए मोतीझील कालोनी, जिला इटावा-206001, उ0प्र0।

(2) श्री श्रीचन्द्र सिंह तोमर उम्र लगभग 55 वर्ष पुत्र श्री थान सिंह तोमर, निवासी 843ए मोतीझील कालोनी, जिला इटावा-206001, उ0प्र0।

(3) श्री रूपेन्द्र प्रताप सिंह तोमर उम्र लगभग 32 वर्ष पुत्र श्री राजेन्द्र सिंह तोमर, निवासी 843ए मोतीझील कालोनी, जिला इटावा-206001, उ0प्र0।

(4) श्री धर्मेन्द्र सिंह तोमर उम्र लगभग 37 वर्ष पुत्र श्री राजेन्द्र सिंह तोमर, निवासी 843ए मोतीझील कालोनी, जिला इटावा-206001, उ0प्र0।

राजेन्द्र सिंह तोमर,
साझीदार।

सूचना

मैं बुलबुल पुत्री श्री संजय कुमार अग्रवाल, निवासी सेकण्ड ए-50 नेहरू नगर, गाजियाबाद ने अपना नाम बदलकर प्रीशा अग्रवाल कर लिया है, अब मेरा नाम भविष्य में मुझे प्रीशा अग्रवाल के नाम से जाना व पहचाना जाये।

प्रीशा अग्रवाल।

पी0एस0यू0पी0—26 हिन्दी गजट—भाग 8—2020 ई0।
मुद्रक एवं प्रकाशक—निदेशक, मुद्रण एवं लेखन-सामग्री, उ0 प्र0, प्रयागराज।